तरह से वे अपनी बात पर अड़े रहे उससे लगता है कि जब वे सत्तासीन थे जब उन्होने जो परम्परायें यहों कायम की थी वे गलत कायम की थी और अब भी वे उन्हें जारी रखना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि आप किसी सदस्य को सदन से नेम करें या हमारे मंत्री किसी माननीय सदस्य को सदन से बाहर निकालने की बात कहें। लेकिन इस किस्म के व्यवहार की, इस किस्म के प्रदर्शन की जो विपक्ष के साथियो ने किया उसकी जितनी भर्त्सना की जाये, खण्डन किया जाये, वह कम हे। स्पीकर सर, मै यह चाहता हू कि कम से कम ऐसे सदस्य जो पहली बार सदन मे चुनकर आए हे उनको तो यह सीखना चाहिए कि सदन की क्या परम्पराएं हैं। जैसे सदन कैसे चलता है, किस परिस्थिति में उनका बैठना अनिवार्य है और किस परिस्थिति में वे अपने अधिकारो की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। लेकिन आज जिस तरह का व्यवहार यहां सदन मे विपक्ष के साथियो का रहा उससे यह लगता है कि उनकी पार्लियामेंट्री डैमोक्रेसी में कोई आस्था नहीं है। उनको इस बात का कोई इल्म नहीं है कि हरियाणा की 2.25 करोड़ जनता उनको देख रही है। जनता सदस्यों को यहां अपने हितों की रक्षा करने के लिए चुनकर भेजती है लेकिन विपक्ष के साथी अपनी संतुष्टि इस बात में मानते हे कि जब सदन मे इनका कोई योगदान न हो तो सिर्फ समाचार पत्रो में अपनी खबर प्रकाशित करवाने की कोशिश करते हैं और हरियाणा की जनता को समित करना चाहते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस किस्म का व्यवहार आगे से सदन में नहीं होना चाहिए और हम सब मिलकर जो गलत परम्पराएं पहले डली है उनको खत्म करके स्वस्थ परम्पराएं शुरू करें। स्पीकर सर, स्वस्थ परम्परा यहां डले इसके लिए आपने पूरी कोशिश की हे इसके लिए हम आपका धन्यवाद करते हें।

शिक्षा मन्त्री (श्री फुल चन्द मुलाना): अध्यक्ष महोदय, यहां पर जो हमारे साथी बोल रहे थे मैं समझता हूं कि उनकी इस प्रकार की प्रोसीडिंग की जरूरत नहीं थी और उन्होंने यहां पर जो व्यवहार किया है वह कण्डैमनेशन के काबिल है। उनकी पाटी के जो लोग बाहर बैठकर उनको चला रहे हैं और हाउस की कार्यवाही को डिसरप्ट करने की कोशिश कर रहे हैं मैं कहता हूं कि उनकी भी ज्यादा कण्डैमनेशन करनी चाहिए। सरकार ने उनके खिलाफ जो कार्यवाही करने का ऐलान किया है उस कार्यवाही से बचने के लिए इस प्रकार से शोर शराबे की कार्यवाही कर रहे हैं कि सरकार ने उनके खिलाफ सी०बी०आई० की इन्क्रवायरी की घोषणा क्यों की गई है। बाहर बैठकर जो लोग यहां पर कार्यवाही करवाने की कोशिश कर रहे हैं उनकी ज्यादा कण्डैमनेशन की जानी चाहिए। यहां पर जो कुछ हुआ है बेसिकली उसके लिए वे लोग जिम्मेदार हैं और उनके कण्डक्ट की कण्डैमनेशन की जानी चाहिए। धन्यवाद।

श्री तेजेन्द्रपाल सिंह मान (पाई): स्पीकर सर, आज ओपोजीशन का जो कण्डक्ट था बेसिकली इस बात का था कि जो खबर अखबार में छपी है कि माननीय मुख्य मन्त्री जी ने इनकी करतूतों के बारे में सी०बी०आई० को जो जांच सौंपी है ये लोग इसे ओवरशेडो करना चाहते हैं। यहां पर शोर शराब। करके ये लोग हमारे सवाल भो खा गए और शोर शराबा करके हाउस से बाहर भी चले गए। अखबार में जो खबर छपी है उसके कारण इनको तकलीफ हो रही है और यह लोग चाहते थे कि शोर करके इस मामले को दबा दिया जाए। हमारे माननीय मुख्य मन्त्री जी से यह दरख्वास्त है और इनकी इस बात का जवाब भी यह है कि सी०बी०आई० को मामले की तह तक जाने के लिए किसी प्रकार से समय सीमा निर्धारित करके इस पर

फैसला लें तो दूध का दूध तथा पानी का पानी हो जाएगा। हुन लोगों ने पांच छः साल तक हरियाणा को निचोड़ा है। इसके साथ ही साथ मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मन्त्री जी से यह भी कहूंगा कि बहुत से भ्रष्ट अधिकारी भी उनके साथ शामिल थे और उनकी मिली भगत के बिना तो कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकती थी। किसी तरह से उन भ्रष्ट अधिकारियों को भी जांच के दायरे में लिया जाए जिन्होने बड़ी गलत और भयंकर तथा वायबरन्द करतूतें की थीं। अध्यक्ष महोदय, हमारी ब्यूरोक्रेसी को बदनाम करने के लिए इन लोगों ने उस वक्त जो काम किए उनके बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं उस वक्त की लाईसैसिंग अथोरिटी के घर से एक हजार से ज्यादा कारतूस बरामद हुए जब कि उनके पास बन्दूक का अपना लाईसैस भी नहीं था। अधिकारियों के घर से शराब मिली, इम्पोर्टिड व्हिसकी के 70— 70 जार मिले। ये लोग ऐसे अधिकारियो के माध्यम से लोगों पर दफा 302 के मुकद्दमें बनाया करते थे। ऐसे अधिकारियों के माध्यम से इन लोगों ने जनता की जायदादें हड़पी और बेकसूर लोगो पर तरह तरह के जुल्म ढाए और बहुत से बेकसूर किसान मारे गए। मुख्य मन्त्री जी स्वयं उस समय इस आन्दोलन को चला रहे थे जीन्द से चल कर हम लोग दिल्ली तक गए थे। हम लोग उनके खिलाफ वहां पर आन्दोलन चला रहे थे कि ऐसे कातिलो को जिन्होंने किसानों की हत्याएं की हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। मुख्य मन्त्री जी, आपकी इन्फोरमेशन के लिए मैं बताना चाहूंगा कि उन्हीं लोगो ने करनाल जिले मे नौजवानो की भी हत्याए की थीं जिसको उन्होने पुलिस की मुठभेड़ दिखाया। It is a matter of record. मैं उस समय के एक ऐसे व्यक्ति को जनता था जिसके बारे में उस समय के DGP की रिपोर्ट है कि such an officer should not be promoted at any cost because he has mis-

conducted as a responsible officer of the Government. ऐसे लोगों को तरक्की देकर किसानों को मरवाया, बेकसूर लोगों पर नाजायज मुकद्दमे बनवाएं गए, लोगों की जायदादें हड़पवाई गईं। ये अधिकारी उस वक्त की सरकार की सारी काली करतूतो मे शामिल थे और उन्होंने स्वयं भी करोड़ो रुपये की जायदादें बनाई। उनके कब्जे से लैपटॉप तक पकडे गए। मैं यहां पर यह भी कहना चाहूंगा कि जब सी०बी०आई० की जांच हो तो ऐसे अधिकारी जो उस वक्त उनके साथ थे उनको भी ररी०बी०आई० जांच के घेरे में लेना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इन्क्वायरी की जांच रिपोर्ट के लिए समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए ताकि वह जांच उसी अवधि मे पूरी की जा सके। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, ऐसे भ्रष्ट अधिकारियो की मिलीभगत के बगैर इसे गन्दी तरह से ऑपरेट नहीं कर सकते थे यदि अधिकारियों ने सरकार को सही समय पर सही सलाह दी होती तो सरकार कोई गलत काम कर रही नहीं सकती। वे अधिकारी सरकार के ऐसे लोगो के साथ खुद hand in gloves थे। (विध्न)

Mr. Speaker: Mann Sahib, please wind up now.

श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मानः सर, मैं थोड़ा रस समय और लूंगा। There was a group of 5-6 officers who were operating there. अध्यक्ष महोदय, मैं करनाल में ऐसे लोगों को जानता हूं जो नारकौटिकस का काम करते थे और पैसा खाते थे। उन लोगों ने नारायणगढ़ में सैंकड़ो एकड़ जमीन बनाई हुई है ऐसे अधिकारियो के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। ऐसे लोगों को सी०बी०आई०की जांच के घेरे मे लिया जाए और यदि ऐसा सम्भव न हो तो हमारी स्टेट विजिलेंस से इनकी इन्क्वायरी करवाई जानी चाहिए कि किन लोगों ने सरकारी जमीनो को बेदर्दी से बेचा। नहरों के

रैस्ट हाउसिज को ऐसी बेदर्दी से बेचा कि एक लाख या डेढ़ लाख रुपये प्रति एकड की कीमत रखी हुई थी। जबकि किसी कल्लर जमीन का रेट भी इतना कम नहीं है और किसी जोहड़ के अन्दर भी इतनी कम कीमत नहीं है जब कि लाख डेढ़ लाख रुपये की रिजर्व प्राईस पर ये रैस्ट हाउसिजू बेचे गए। स्टेट के अंदर सैंकड़ो एकड़ जमीन ऐसे ही दी गई, इस में बड़ा भारी घपला है। मेरी मुख्य मंत्री जी से यह दरख्वास्त भी है और मैं मुख्य मंत्री जी से यह कहना भी चाहता हूं कि इस मामले की विजिलैन्स से इंक्वायरी करवायी जाए तथा बाकी लोगो के खिलाफ भी कार्रवाई रमी जाए। धन्यवाद।

श्री कर्ण सिंह दलाल (पलवल): अध्यक्ष महोदय, मैं पिछले 15 सालों से इस विधान सभा का सदस्य बनकर चला आ रहा हूं लेकिन आज के दिन को देखकर मैं आपको और सदन के नेता को मुबारिकवाद देना चाहता हूं कि बहुत अच्छे तरीके से आज आपने सदन की मर्यादा को बनाए रखा। वरना हम तो सदन के अंदर उस समय देखा करते थे कि यहां पर किस तरह से व्यवहार किया जाता था। आज जिस तरह से उस दल के लोग यहां पर अनाप–शनाप बयानबाजी कर रहे थे, बेतुकी बातें कर रहे थे ऐसा उस समय होने का सवाल ही नहीं होता था। एक जमाना वह भी हमे याद है कि जब इनके मुखिया और पिछली सरकार के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला, उनके परिवार के लोग, उनके अधिकारी, उनके मंत्री और उनके विधायक जिस बेरहमी से इस प्रदेश के, इस देश के कानून को तोड़ने मरोड़ने लगे हुए थे, इस सदन की मर्यादाओं का हनन करते थे और एक तरह से सरकार का मजाक उन लोगो ने बना रखा था। उस समय जब हम प्रदेश के हितों की बात को कहने के लिए खड़े होकर अपनी बात रखना चाहते थे तो हमें खड़े होने से पहले सदन से बाहर कर दिया जाता था।

इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आज इस बात के लिए आपको और सदन के नेता को मुबारिकवाद देता हूं। इतनी बेहूदगियो के चलते हुए भी आज आपने इस हरियाणा की विधान सभा में पहली मर्तबा एक अध्यक्ष की हैसियत से निष्पक्ष तरीके से सदन की कार्रवाई चलायी। आपने उनको बहुत मौके दिए और आपने उनकी बेहूदगियों को बर्दाश्त किया। सदन के नेता ने भी किसी तरह की कोई जल्दबाजी नहीं दिखायी। दो मर्तबा आपने सदन को स्थगित करवाया लेकिन अध्यक्ष महोदय, आप मो जानते हैं और हरियाणा की जनता भी जानती है कि ये लोग उस प्रजाति के हैं जो प्यार की भाषा को नहीं समझते हैं। इनकी प्रजाति की पहचान आपने और हमने पिछले कई सालों से देखी है। अभी तेजेन्द्रपाल मान जी ने बताया कि इन लोगो ने अपनी सरकार के रहते हुए क्या–क्या किया। मैं फिर से उन बातों को दोहराकर ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। अध्यक्ष महोदय, इनके शोर मचाने के पीछे असलियत और भी है। प्रैस के हमारे साथी भी जानते है और हरियाणा प्रदेश की जनता भी जानती है कि जो चार्जशीट उस समय हमारे द्वारा ओम प्रकाश चौटाला और उनकी सरकार के खिलाफ जाच के लिए उस वक्त के महामहिम राज्यपाल महोदय को दी गयी थी वह अधूरी थी। अम–यक्ष महोदय, इन 9 महीनों के अर्से में उस ओम प्रकाश चौटाला की सरकार के खिलाफ, उनके मंत्रियों के खिलाफ, उनके विधायकों के खिलाफ और उस वक्त के अधिकारियो के खिलाफ ऊब और कई संगीन पुख्ता सबूत हमारे हाथ मे आये हैं। इस बात को ये लोग भलीभांति जानते हैं कि सी०बी०आई० को अब जो जांच दी गयी है और वह नये आरोप जोकि पहले दिए हुए आरोपो से ज्यादा संगीन है, इनके गले की हड्डी बनने जा रहे हैं इसलिए अध्यक्ष महोदय, उस जांच से, अपनी उन काली करतूतों से, उन गलत कामो से लोगों की निगाहों

ये बचना चाहते थे इसलिए ये आज इस तरह की बेहूदगी कर रहे थे। में आपको मुबारिकवाद देता हूं और आपके माध्यम से उन लोगो को एक मशविरा देता हूं कि वे हरियाणा के लोगो पर रहम करे। इन्होंने पिछले पांच सालों में हरियाणा के लोगो का बहुत नुकसान किया। अध्यक्ष महोदय, आज इस तरह के व्यवहार से उनकी दो बातों की मंशा जाहिर होती है कि जो आज सदन मे इतने महत्त्वपूर्ण सवाल लगे हुए थें जिनके माध्यम से हरियाणा की जनता का न जाने कितना निदान होना था और जिनके लिए मुख्यमंत्री जी ने और दूसरे मंत्रियों ने लोगों को राहत देने के लिए सवालो की तैयारी की थी, वे काम इन्होने नहीं होने दिए। अध्यक्ष महोदय, ये लोग हरियाणा के लोगो के हितो की बात करते हैं लेकिन मैं आपको बताना चाहूंगा कि आज क्वैश्चन ऑवर के बाद जीरो ऑवर में एक महत्त्वपूर्ण विषय यानि बिजली और पानी की समस्या को लेकर इन्होने एक कालिंग अटेंशन मोशन दिया था। यह मोशन प्रदेश के लोगों के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण विषय था लेकिन ये लोग अपने कालिंग अटैशन मोशन पर भी इस तरह की समस्याओ का जिक्र यहां पर नहीं करना चाहते जबकि मुख्यमत्री और मंत्रियों ने इनके कालिंग अटैशन मोशन का बहुत बढ़िया जवाब देना था। ये लोग इस तरह की समस्याओ पर यहा पर चर्चा नहीं करना चाहते। अध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय न लेता हुआ एक बार फिर आपको मुबारिकवाद देता हूं कि आज आपने इनको जो सबक सिखाया है वह बहुत कम है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर फिर भी ये आईन्दा इस तरीके की गुस्ताखी करें तो आप इनको एक दिन के लिए नहीं बल्कि हमेशा के लिए यहा से रूखूसत करे जिससे हरियाणा के लोगो को कुछ राहत मिले।

श्री राम कुमार गौतम (नारनौंद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का इरादा जानना चाहता हूं। सरकार का ओम प्रकाश चौटाला के मुताल्लिक इरादा क्या है। 10 महीने हो चुके लेकिन अब तक मामूली सा भी चौटाला जी का कुछ भी नहीं बिगड़ा। सारे कांग्रेसी भाई बैठे हैं कोई उसको डाकू कहते हैं, कोई कुछ कहते है जिसकी जो मर्जी आती है वह कहता है और असलीयत भी यही है। सारा हरियाणा प्रदेश यह जानता है लेकिन मैं जहां तक समझ सका हूं सरकार ने दस महीने मे चौटाला का कुछ नहीं बिगाडा, उसके खिलाफ कोई इंक्वायरी शुरू की हो या उसकी किसी तरह की ज्यादतियों के खिलाफ कोई कदम उठाया हो तो ये बताएं? दस महीने बीत चुके, जितने भू–माफिया थे, गेंगस्टर थे, उसके दामाद का ठेका था गुड़गांव में और खानक मे। उन्होंने दस महीने चुप्पी रखी खानक में और अब वे वैसे ही सक्रिय हैं जैसे चौटाला के राज में सक्रिय थे, मैं तो कहता हूं कि ऐसा लगता है कि मिलीभगत से ही उसको स्टे दिलवा दिया गया हो। मैं तो यह जानना चाहता हूं कि इस बारे मे सरकार का इरादा क्या हे?

श्री अध्यक्ष: गौतम जी, आप उसी प्वॉयंट पर रहे।

श्री राम कुमार गौतम: अध्यक्ष महोदय, मैं आज मुख्यमत्री जी से इस बारे मे बयान चाहता हूं कि चौटाला साहब ने जितने जुल्म किए थे, 25 हजार इम्पलायीज जो नौकरियों से निकाल दिये थे। वे बेचारे आज सड़कों पर गोलियां लाठियां खाते हुए घूम रहे हैं, उनको बहाल करो। जितनी इन लोगों ने शैतानियां और बदमाशियां की हैं, आज वे डाकू दल के शैतान और बदमाश लोग आप लोगो पर कीचड़ उछालते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस पार्टी में एक रणदीप सिंह सुरजेवाला का दोष नहीं है .....

Mr. Speaker: It is not to be recorded.

चौ० धर्म पाल सिंह मलिक (गोहाना): अध्यक्ष महोदय, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने जो विषय उठाया है और उस पर सभी लोगों ने अपने विचार रखे हैं। अभी रीसैंटली लोकसभा में इस बारे में एक कमेटी गठित की गई है जिसमे लोकसभा के सदस्य और राज्यसभा के सदस्य भी है उनमें से वहा पर एक दो एम०पी० ने क्वैश्चन फिक्सिंग की है उरस्के संबंध में कमेटी गठित की गई है केवल इस बात पर कि यह टी०वी० पर दिखाया गया है। लेकिन यहा इन लोगों ने साजिश कर रखी है बाहर रे' ही फिक्सिंग करके आए हैं कि हाउस को नहीं चलने देंगे। हाउस की कार्यवाही बाधित होने से प्रदेश की सवा दो करोड़ जनता का पैसा बर्बाद होता है। इसलिए मेरा सुझाव है कि इस मुद्दे को लेकर इस हाउस की कमेटी गठित की जार, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए कि किस मंशा से हाउस का कार्यवाही इन्होंने रोक रखी थी ?

श्री राधे श्याम शर्मा अमर (नारनौल): अध्यक्ष महोदय, प्रजातंत्र मे विपक्ष का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण रोल होता है। लेकिन हमारे जो विपक्ष के साथी हैं उन्होंने अपने रोल मे बहुत कोताही की है, प्रजातत्र का मर्डर किया है। आपने और सदन के नेता ने इस मामले मे बहुत ही सहनशीलता दिखाई है। लेकिन मैं चाहूगा कि आज हमने बहुत महत्त्वपूर्ण सवाल करने थे। हमारी स्टेट के अस्पतालों की बिल्डिंगें टूट गई है, लोग मर रहे हैं उसकी बात करनी थी, हमने पानी की बात करनी थी। मेरा निवेदन है इन साथियों को विपक्ष के नेता का भी स्टेटस प्राप्त नहीं है। मेरा आपसे निवेदन है कि जैसे इंदौरा साहब को हर सवाल के ऊपर खड़ा कर दिया जाता है और ये सारी गलत बातें बोलते हैं, कोई ठीक बात नहीं बोलते हैं। यहां आकर के केवल ये अपने भ्रष्ट नेता की पैरवी ही करते हैं और उस नेता को अब तक जेल के

अंदर दे देना चाहिए था जो अभी बाहर बैठा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि इनको विपक्ष का स्टेटस न देते हुए समय के मुताबिक आप हमसे पर्चियां ले लो और जो ठीक ढग की बात बोलना चाहते है उनको बोलने का मौका दिया जाए। मेरा दो मिनट का समय पूरा हुआ। जय हिंद।

प्रो० छतर पाल सिंह (धिराय): अध्यक्ष महोदय, आज पहली बार ऐसा हुआ कि आपने दो बार हाउस को एडजर्न किया और आपने एक संरक्षक के तौर पर सदस्यों को बोलने की पूरी छूट दी कि वे क्या कहना चाहते हैं। हालांकि उनके मसले मे कोई दम नहीं था। जितना हमारा एक्सपीरियैंस है उसके आधार पर मैं तो कहना चाहता हूं कि जो भी इंडियन नेशनल लोकदल के साथी विधान सभा मे चुनकर आते रहे हैं, मेजोरिटी के बारे में कहूंगा कि वे एक तानाशाही का शिकार रहे हैं। एक व्यक्ति के द्वारा गवर्नंड हें एक व्यक्ति जो उनको डायरेक्यांज दे देता है वे उसी के ऊपर सोचते हैं न उससे कम सोचते हैं और न उससे ज्यादा सोचते हैं। एक बार उनकी पाटी में ज्यादा सोचने वाले को भती किया गया था उसकी यह रवायत हुई थी कि वे सारे सदस्य पाटी को छोडकर चले गये थे और सरकार किसी दूसरी पाटी की बन गई थी। उसके बाद इन्होंने पाटी में सदस्य भती करने का क्राईटेरिया ही बदल दिया selection of tickets, selection of recruitment in party, जितना नाप तोल कर बताया जायेगा, समझा दिया जायेगा उतना ही काम करेंगे उससे ज्यादा नहीं करेंगे। स्पीकर सर, हम लोग देखते रहे कि आज सरकार जो चल रही है वह पूरे अमन चौन के साथ शॉतिप्रिय माहौल के अन्दर चल रही है। आपने हाउस के अन्दर सभी सदस्यों के अधिकारों को बहाल किया है। हरियाणा के आम शरीफ और गरीब आदमी के अधिकारों को बहाल किया। जितने गुण्डे

बदमाश एलीमैंटस इण्डियन नेशनल लोकदल की सरकार के सरगनाओ के तौर पर जो पैदा हुए जितनी भी कत्लोगारत, गुण्डागदी डकैती लूटपाट हुई थी आज चौ० भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व की काग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे हरियाणा के अन्दर ऐसा माहौल बनाया कि गुण्डे बदमाश आदमी यहां पर हरियाणा मे टिकने मे बहुत बड़ी दिक्कत महसूस करते हैं वे या तो हरियाणा को छोड़कर चले गये हैं और यदि यहां है तो हमारे कानून के शिकार हुए हैं। स्पीकर सर, विधान सभा कै अन्दर जब वे लोग सत्तापक्ष मे होते थे तो वे नहीं चाहते थे कि विपक्ष का कोई सदस्य या उनकी पार्टी का सदस्य हाउस के अन्दर हरियाणा के हक पर सोच विचार कर सके या कोई बात कर सके। स्पीकर रनर, आप जानते हैं कि गवर्नर साहब के द्वारा सदन के बुलाने पर करोड़ों रुपया जनता का खर्च होता है और हरियाणा के विकास की बात, हरियाणा को आगे बढाने की बात का समाधान करने के लिए सैशन बुलाया जाता है। हर सदस्य की यह जिम्मेवारी बनती है। कि जिन बातों मे कोई तथ्य न हो उनको इस सदन मे नहीं रखना चाहिए। सदन के पिलर पर साफ शब्दों में लिखा हुआ है कि पढ़े लिखे आदमी या अनपढ़ दोनो सदस्यो को यहां बोलने की आवश्यकता है लेकिन चुप रहना भी गुनाह है बोलना भी आवश्यक हे लेकिन गलत बोलना एक पाप है। अनावश्यक बोलना या गलत बोलना या न बोलना भी पाप है। हमारे माननीय सदस्यों ने इस बात की चिन्ता जाहिर की है। मैं समझता हूं कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो व्यान यहां पर दिया हे कि हमे थोड़ी पेसैंस रखनी चाहिए। यह ठीक है कि जिन बातो का जिक्र करने से अपराधी सतर्क हो जाते हैं वे बाते नहीं करनी चाहिएं। आज श्री ओम प्रकाश चौटाला जी और उनके जितने भी गैंगस्टर हैं हमारी सरकार उनको सतर्क नहीं करना चाहती। उन्होने बड़ी सफाई से

हथकण्डे अपनाकर प्रदेश को लुटा है। पिछले पांच सालों मे अखबारो ने भी उसमें बड़ी शर्मिदगी महसूस की है और डर महसूस किया है कि उनके खिलाफ कुछ नहीं लिखा। हरियाणा की प्रैस ने भी कुछ नहीं लिखा। उनके खिलाफ इतने मामलात है कि वे जेलों से बाहर नहीं जा सकते। जैसा मान साहब ने जिक्र किया। उन मामलात में उस समय के अधिकारी नहीं बचेंगे कोई कर्मचारी नहीं बचेगा और न ही कोई ठाडा नेता और बदमाश बचेंगे। स्पीकर सर, दूसरी बात में यह कहना चाहता हूं कि सरकार उनकी पाटी के नेता का और जितने उनके ठाडे नेता हैं या बदमाश आदमी हैं उनके पासपोर्ट जस्त कर ले क्योंकि ऐसा न हो कि कहीं वे देश छोड़कर भाग जाएं। वे भागेगे यहां नजर नहीं आयेंगे। इसलिए समय रहते इनका इन्तजाम करना चाहिए। इसके इलावा मेरी एक इल्तजा यह है कि इलैक्शन कमीशन ने एक क्राईटेरिया बना रखा है कि किसी भी पाटी के इतने प्रतिनिधि चुनकर आयेंगे तो उसी पाटी को as a political party recognition मिल पायेगी। मैं तो यह कहता हूं कि इनकी पाटी की परफौरमैंस को देखो, नीयत को देखो। क्रिमिनल बिहेवीयर को देखकर इण्डियन नेशनल लोकदल जेसी पाटी की राजनीतिक रिकोगनशिन political party रद्द कर देनी चाहिए। इण्डियन नेशनल लोकदल पाटी की गैर जिम्मेदाराना किस्म की बात हरियाणा की जनता के सामने और हरियाणा विधान सभा के अन्दर जिस प्रकार का परिपेक्ष्य पेश किया है मैं तो कहता हूं कि इस सदन को एक प्रस्ताव पास करके इलैक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया को लिखना चाहिए कि इनकी पाटी की परफौरमैंस को देखकर पार्लियामेट में और इस हाउस में बहुत गैर जिम्मेदाराना तरीके से इनके व्यवहार को देखकर इनकी पाटी की मान्यता को रह कर देनी चाहिए।

Mr. Speaker: Prof. Sahib, please take your seat now.

श्री रामकिशन फौजी (बवानीखेडा–एस०सी०): अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपका धन्यवाद करना चाहूंगा। आज विपक्ष के साथियो ने इस हरियाणा की जनता की भलाई के लिए सरकार को सुझाव देने थे लेकिन मुझे दुःख हुआ कि उन्होंने सदन मे ऐसा बिहेव किया जिस कारण उन्हे सदन से बाहर किया गया लेकिन अध्यक्ष महोदय, आपने फिराखदिली दिखाई कि आपने हाउस को 10 मिनट के लिए और 20 मिनट केलिए दो बार स्थगित किया। उसके बाद भी आपने फिर उनको मौका दिया। अध्यक्ष महोदय, जब हम विपक्ष मे थे, हम बोलने के लिए खड़े होते थे तो हमे उसी टाइम नेम कर दिया जाता था। लेकिन आज तो मार्शल ने उन्हे बाहर निकाला और अच्छे तरीके से बाहर निकाला। ओम प्रकाश चौटाला की सरकार मे जेलो के ऐसे गुण्डे बदमाश मार्शल के नाम पर बैठाए जाते थे जिन पर 302 के मुकदमे चले होते थे वे हमें अंग्रेजो की तरह बेददी से सदन से बाहर निकालते थे। हमारे दो पुराने साथी अशोक अरोड़ा जी और पूर्व वित्त मंत्री सम्पत सिंह जी यहा अध्यक्ष गैलरी में बैठे हुए हैं। ओम प्रकाश चौटाला जी चश्मे को हाथ लगाते थे और हाथ लगाते ही हमे सदन से बाहर किया जाता था, जहां आज मार्शल बैठे हैं वहां पुलिस के साथी सिविल वर्दी में बैठे होते थे। हमारे साथी श्री रघुबीर सिंह कादियान को और हमे इस तरीके से सदन से बाहर निकाला जाता था जैसे मर्डर करके बाहर निकाला जाता हो। अध्यक्ष महोदय, मैं धन्यवाद करना चाहता हूं कि आज उनको अच्छे तरीके से बाहर किया गया है। आज हरियाणा प्रदेश इस हाउस की तरफ देख रहा है कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व मे सरकार बनी है और यह सरकार ईमानदारी के काम करेगी, भलाई के काम करेगी लेकिन हम

चाहते थे कि विपक्ष सरकार को अच्छे सुझाव देता और सरकार उन सुझावो को यूज करके अच्छे काम करती। बड़े दु:ख की बात है कि विपक्ष ने सदन मे ऐसा व्यवहार किया जिस कारण उन्हें हाउस से बाहर जाना पड़ा। ओम प्रकाश चौटाला और उसके परिवार के सदस्य और उनकी सरकार के सदस्यों के कारनामो की इन्क्रवायरी सी०बी०आई० को दी गई और जिसकी हाउस में चर्चा होनी थी. इनका तो एक ही मकसद था कि हम हाउस से बाहर चले जाएं और इस चर्चा को सुने।

चौ० अर्जन सिंह (छछरौली): अध्यक्ष महोदय, मेरे साथियो ने जो आपकी तारीफ की है में भी उससे सहमत हूं, मैं डिटेल में जाऊंगा तो काफी देर लग जाएगी ओर मुझे समय बहुत कम मिला है। सबसे पहले मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहूंगा कि आज सुबह जब हमने अखबार पढ़ा तो बहुत खुशी हुई कि मुख्यमंत्री महोदय ने ओम प्रकाश चौटाला के कारनामों की इन्क्रवायरी सी०बी०आई० को दे दी। इन्होंने एक बहुत बड़ा पुन क्य काम किया है। यह काम बहुत पहले होना चाहिए था। एक बार पहले भी यह खबर आई थी कि चौटाला के कारनामों की इन्क्रवायरी सी०बी०आई० को दी गई है। लोगों ने राहत की साल ली थी। हमारे गांव के लोगो ने उस दिन अखबार लिए थे तो मैंने उनसे पूछा था कि तुम अखबार का क्या करोगे तो उन्होने कहा कि अखबार मे चौटाला की इन्क्रवायरी की खबर आई है इसलिए किसी से अखबार पढवाएंगे। लेकिन अगले ही दिन वह बात खत्म हो गई। मैं मुख्यमंत्री महोदय से अपील करना चाहूंगा कि उस आदमी ने जितनी लूट खसोट हरियाणा मे की उससे आप ही बचाएंगे क्योकि हमें आपसे ही उम्मीद है। मैंने दो बार जश्न का माहौल देखा। एक बार तो जब लोकसभा के इलैक्शन का रिजल्ट आया तो लोग नाच रहे थे, गा रहे थे, मैंने

कहा कि क्या बात है कौन जीत गया। लोग कहने लगे कि जीतने का तो हमें पता नहीं लेकिन ओम प्रकाश चौटाला हार गया, चौटाला के दोनो लड़के हार गए, हम तो इस बात की खुशी मना रहे हैं जीतने का हमें नहीं पल। कि कौन जीता है। उन्हें उम्मीद थी कि जैसा लोकसभा के इलैक्शन का रिजल्ट आया है ऐसा ही आगे विधान सभा के इलैक्शन मे भी आएगा और लोगों ने राहत की सांस ली थी। मैं मुख्यमंत्री महोदय से अपील करूगा कि ओम प्रकाश चौटाला कैंसर के फोड़े की तरह है इसका आप इलाज कराएं। अध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने हल्के की दो समस्याएं बताना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः अर्जन सिंह जी, बैठें। आप इस तंदूर पर रोटी न लगाएं।

श्री धर्मबीर गाबा (गुड़गांव): अध्यक्ष महोदय मैं एक और विषय पर बोलना चाहता हूं, आज हमे यह इन्फर्मेशन मिली कि ओनरेबल प्रेजीडेंट ऑफ इडिया ने कैसीनो का बिल जो लैजिस्लेटिव असेम्बली में 2002 में पास हुउग्र था, उसको रिजैक्ट कर दिया हैं। मैं चाहता हूं कि इसमें सिर्फ इस हाउस के लोग ही नहीं बल्कि सारे हरियाणा के लोग मशगूल होगे। मैं समझता हूं इसके लिए हमें धन्यवाद करना चाहिए। ये गुड़गांव में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की ब्रांच को खत्म करके कैसिनो खोलना चाहते थे और अब जब यह बिल रिजेक्ट हो गया है तो इसके लिए सारे गुड़गांव के लोग धन्यवादी हैं कि उनके बच्चे इस गंदी आदत से बच गए हैं, बदइज्जत से बच गए हैं, लोगों का भला हो गया है, उनके बच्चे बरबाद होने से बच गए हैं। मैं चाहता हूं कि सारा सदन इस रैजोल्यूशन को पास करके इसे प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया को भेजे। धन्यवाद सर।

Mr. Speaker: Question is—

That the proceedings on the items of business fixed for today be exempted at this day's sitting from the provisions of the Rule 'Sittings of the Assembly', indefinitely.

The motion was carried.

नियम 16 के अधीन प्रस्ताव

Mr. Speaker: Now, the Parliamentary Affairs Minister will move motion under Rule 16.

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि सभा अपनी आज की बैठक से उठने पर अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित रहेगी।

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Assembly at its rising the day shall stand adjourned sine-die.

Mr. Speaker: Question is—

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

The motion was carried.

सदन की मेज पर रखे गए कागज–पत्र

Mr. Speaker: Now, a Minister will lay papers on the Table of the House.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to lay on the Table—

The Finance Department, Notification No. S.O. 96/H.A. 6/ 2005/S. 15/2005, dated the 9th December, 2005 regarding the Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management Rules, 2005, as required under section 15 (3) of the Haryana Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2005.

The Report of 2nd State Finance Commission Haryana (September, 2004), as required under clause 4 of Article 243-1 and

clause 2 of Article 243-Y of the Constitution of India.

The Audit Report on the Accounts of Haryana Financial Corporation, Chandigarh for the year ended 31st March, 2002, as required under section 37 (7) of the State Financial Corporations Act, 1951.

The Separate Audit Report on the Accounts of Haryana Financial Corporation, Chandigarh for the year ended 31st March, 2003, as required under section 37 (7) of the State Financial Corporations Act, 1951.

The 37th Annual Report of Haryana Warehousing Corporation, Panchkula for the year 2003-2004, as required under section 31(11) of the Warehousing Corporation Act, 1962.

The 32nd Annual Report of Haryana Tanneries Limited, Jind for the year 2003- 2004 as required under section 619-A (3) (b) of the Companies Act, 1956.

The 5th Annual Report of Haryana Power Generation Corporation Limited, Panchkula for the year 2001-2002, as required under section 619-A (3) (b) of the Companies Act, 1956.

The Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended 31st March, 2005 (Commercial) of the Government of Haryana in pursuance of the provisions of Clause (2) of Article 151 of the Constitution of India.

विधान कार्य–

दि पंजाब एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्किट्स (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2005

Mr. Speaker: Now, a Minister will introduce the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment) Bill, 2005 and will also move the motion for its consideration.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to introduce the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment) Bill, 2005.

Sir, I also beg to move—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Question is—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the House will consider the Bill Clause by Clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 4

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is--

That Clause I stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, a Minister will move that the Bill be passed.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Bill be passed.

श्री एस० एस० सुरजेवाला (कैथल): अध्यक्ष महोदय, हरियाणा असेम्बली में सरकार कान्ट्रैक्ट फार्मिग के बारे में जो अमैंडमैंट लेकर आई है पंजाब की सरकार ने इसको दो तीन साल पहले ही एडाप्ट कर लिया है लेकिन पंजाब में वह कोई कानूनी प्रावधान के तहत नहीं हो रही है।

इस काण्ट्रैक्ट फार्मिग के बारे में मैं यहां पर दो तीन बातें कहना चाहूंगा। इस अमेंडमेंट के तहत – काण्ट्रैक्ट फार्मिग के लिए किसान अपनी जमीनें बडी–2 कम्पनियों अथवा बड़े धनाढ़य लोगों को ऑफर करेगे। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि जो छोटे किसान हैं उनके हितों को कैसे वाच किया जाएगा? कोई भी बड़ी कम्पनी या कोई भी बडा आदमी जिसे आप स्पोसर करेगे जिसको आप कहेंगे कि वह 500–1000–2000 या 5000 एकड़ जमीन लेने वाला है जाहिर है कि वह कम्पनी या व्यक्ति जो 5– 10 हजार एकड़ जमीन लेगा वह अपना सारा इन्फ्रास्ट्रक्चर लेकर आएगा। अपने एक्सपर्ट्स लेकर आएगा। उसके बाद भी बहुत सी एक्टिविटीज हैं जैसे कि सीड कौन सा इस्तेमाल करना है, फसल के लिए दवाई कौन सी इस्तेमाल

करनी है या दूसरी और चीजें हैं उनके बारे में वह फैसला करेगा। उसके बाद जब फसल बन कर तैयार हो जाएगी तो उस फसल की प्राईस तय होगी, वह कौन करेगा? छः महीने के बाद जब फसल मण्डी मे आएगी तो छोटे किसान उस फसल की कीमत कैसे तय कर सकेगे क्योंकि फसल की प्राईस कम्पनी तय करेगी इसलिए जाहिर है कि फसल की बारगेनिंग पावर किसान के पास न हो कर उस कम्पनी के पास ही रहेगी। इसमें किसान को ऊंची प्राईस तथा रैम्यूनरेशन प्राप्त हू सके इसके लिए मैं यह कहूंगा कि सरकार को इसके लिए मैकेनिज्म को और स्ट्रैग्थन करना चाहिए जो कि किसान को प्रोपर एडवाईस दे सके। किस तरह से एग्रीमैंट होगा टैक्नीकली बातें जो एग्रीमैंट में आएंगी वह कैसे लिखी जाएंगी इस बारे मे इन्डिविजुअल किसान को कुछ पता नहीं है इसलिए मेरी रिस्पेस्ट है कि सरकार उसके गार्जियन के तौर पर काम करे और किसान के हितो का पूरा ख्याल रखे। स्पीकर सर, मौटेतौर पर मैं यह कहूंगा कि किसान के हितो की रक्षा के लिए सरकार एक ऐसा मैकैनिज्म बनाएगी जिससे बारगेनिंग के वक्त किसानों के हितों को किसी प्रकार से कोई नुकसान न पहुंचे। धन्यवाद।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः स्पीकर सर, मै आपके माध्यम से सरकार और सदन को बताना चाहूंगा कि हरियाणा में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता तथा मन्शा किसान और खेत मजदूर का भला करना तथा उसको अच्छे अवसर प्रदान करना है। इसी बात को ध्यान में रखकर आज जो विभिन्न क्षेत्रो में क्रान्ति आई है सरकार ने उसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया करवाया है। सारे जगतो के साथ औद्योगिक जगत में नई क्रान्ति आ रही है तथा कृषि जगत में जो नई क्रान्ति हुई है उसका हिस्सा तथा लाभ हमारे किसान और खेत मजदूर को मिले इसीलिए

हरियाणा के मुख्य मन्त्री के नेतृत्व में हम इस कानून को लेकर आए हैं। स्पीकर सर, मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहूंगा कि हमने इस बिल में आब्जैक्ट्स एण्ड रीजन्ज मे तरमीम की है। एग्रो प्रोसैसिंग सिस्टम में तीन चीजें ऐसी है जिनसे आगे आने वाली 21 वी सदी में खेती में नई क्रांति आएगी। स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने यह विषय उठाया हे कि किसान के हितों की रक्षा कैसे होगी। स्पीकर सर, हरियाणा ही एक ऐसा प्रान्त है जिसने कानून में प्रावधान करके किसान के हितों की रक्षा की है तथा इस कानून को अमली जामा पहनाया है। कन्ट्रैक्ट फार्मिंग के लिए जो भी कम्पनी आएगी उसके लिए कानूनी प्रावधान किया गया हे। स्पीकर सर, हाउस की जानकारी के लिए मैं इस बिल की क्लाज–4 की ओर आपका तथा हाउस का ध्यान दिलाना चाहूंगा जिसके द्वारा सैक्शन 8–ए (।) जोड़ने का प्रावधान किया है इसमें हमने स्पष्ट लिखा हैः–

"contract farming sponsor shall register himself with the Committee or with a prescribed officer in such manner as may be prescribed"

काण्ट्रैक्ट फार्मिंग के लिए जो कम्पनी होगी वह हमारे पास रजिस्टर्ड होगी इसके लिए सरकार किसी अधिकारी को डैजिगनेट करेगी। कोई भी कम्पनी अथवा व्यक्ति सरकार की परमिशन के बिना कान्ट्रैक्ट फार्मिंग कर ही नहीं सकेगा। किसानों के साथ वह जो भी समझौता करेगा उसमें किसानों के हितों की प्राथमिकता रहेगी। आम साधारण किसान के हितों की रक्षा के लिए जो कम्पनी अथवा व्यक्ति कैपेबल नहीं होगा वह किसानों के साथ कोई कान्ट्रैक्ट नहीं कर पाएगा और सरकार इस बात का पूरा ख्याल रखेगी कि क्या समझौता होगा और इसका प्रारूप सरकार प्रिस्काईब करेगी

और इस बात का प्रावधान इस बिल की क्लॉज 4 की सब क्लॉज 8–ए के पार्ट (2) के अंदर सरकार ने किया है। स्पीकर साहब, इतना ही नहीं किसान की सम्पत्ति को कोई बड़ा अनुबन्ध करके रख न ले, उसे गिरवी न रख ले, उस पर कब्जा न कर ले, उसकी मलकियत का हस्तान्तरण न हो जाए इसलिए हमने यह क्लॉज एड की है। मैं हाउस को यह पढ़कर बताना चाहूंगा।

"Notwithstanding anything contained in contract farming agreement no title, rights, ownership or possession of the land shall be transferred or alienated or vested in the contract farming sponsor or his successor or his agent as a consequence arising out of the ontract farming agreement."

स्पीकर साहब, हमने काफी व्यापक प्रावधान इस बिल में इस बात के लिए किया है कि किसान की जमीन और किसान के हको की सुरक्षा हो। इस कंट्रैक्ट फार्मिंग की एक नयी रोशनी सरकार किसान और खेत मजदूरों की जिंदगी में पंजाब एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्किटस एक्ट, 1961 में तरमीम करके लेकर आयी हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम सै सदन से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस बिल लगे पारित किया जाए।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा): अध्यक्ष महोदय, एक बात और मैं जरूर कहना चाहूंगा। पंजाब का उदाहरण श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला जी ने दिया है कि पंजाब मे पिछले दो सालो से जो कंट्रैक्ट फार्मिंग हो रही है वह कोई कानूनी प्रावधान के तहत नहीं हो रही है। अध्यक्ष महोदय, कंट्रैक्ट फार्मिंग के बारे में पंजाब वाले कोई भी कानूनी प्रावधान किसान के हित को ध्यान में लेकर नहीं आये थे जबकि आज हम यह प्रावधान लेकर आये हैं। उन्हीं के तुर्जुबे को देखकर हमारी सरकार यह बिल लायी है। जो पंजाब में

किसानों का अहित हुआ है वह हमारे यहां पर नहीं होगा। पंजाब में केवल इनफोर्मल एग्रीमैन्ट हुआ था इसलिए वहां के किसानों को दाम नहीं मिले। लेकिन यह कानून इस बात को बाध्य करेगा कि जो कंट्रैक्ट होगा वह पूरा इफ्लीमैंट किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, इस बिल में हमने पूरा मैकेनिज्म प्रोवाइड किया है।

Mr. Speaker: Question is -

That the Bill be passed.

The motion was carried

दि हरियाणा डिवैल्पमैंट एंड रैगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज (अमैंडमैंट एंड वैलीडेशन) बिल, 2005

Mr. Speaker: Now, a Minister will introduce the Haryana Development and Regulation of Urban Areas (Amendment and Validation) Bill, 2005 and will also move the motion for its consideration.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to introduce the Haryana Development and Regulation of Urban Areas (Amendment and Validation) Bill, 2005.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Development and Regulation of Urban Areas (Amendment and Validation) Bill, 2005 be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Haryana Development and Regulation of Urban Areas (Amendment and Validation) Bill, 2005 be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Question is—

That the Haryana Development and Regulation of Urban Areas (Amendment and Validation) Bill, 2005 be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the House will consider the Bill Clause by Clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 4

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 5

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, a Minister will move that the Bill be passed.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Bill be passed.

श्री एस०एस० सुरजेवाला (कैथल): स्पीकर सर, यह बिल एक बहुत ही ठीक बात के लिए लाया गया है, जो कुछ इस में डिफैक्ट्स थे उनकी वजह से लोग कोर्ट्स मे गए थे। इससे सरकार का काफी पैसा लोग हजम कर सकते थे, उसकी रोकथाम के लिए इस बिल को सरकार लेकर आई है। इस ओकेजन पर मैं मुख्यमंत्री महोदय से यह कहूंगा कि यह अफैडमैंट अर्बन एरियाज में जो अनअथोराल्ड कालोनीज बनी हुई हैं उनको रैगुलराईज करने के लिए लाया गया है। आज हरियाणा में अनअथोराइज्ड कालोनीज की एक बहुत भारी शिकायत कंटीन्यू चल रही हे। पिछले 6 –6 साल में जब ओम प्रकाश चौटाला का राज था उस समय उनके चपड़ मुकद्दम और इनके विधायक और चाटुकार कार्यकर्ता थे जिन्होने अर्बन एरियाज में नीचे के एरिया पर इस तरह की कालोनीज बनाकर करोड़ों, अरबों, खरबों रुपये बनाए थे। इस तरह की कालोनीज बनवा कर के ओम प्रकाश चौटाला ने फरीदाबाद, गुड़गांव और पंचकुला में खूब पैसा इका किया। वे ऐसा करते थे कि अन–अथोराइज्ड कालोनीज में बहुत सस्ती जमीन किसानो की पैरीफरी में ले लेते थे और उसको लेते तो एकड़ के हिसाब से थे, जैसे 5 लाख या 10 लाख रुपये पर एकड़ के हिसाब से जो जमीन शहर के नजदीक थी उसको लेते थे और लेकर बेचते गजों के हिसाब

से थे और टोटली अनअथोराइज्ड कालोनीज की उन्होने भरमार कर दी। इस तरह उन्होने पूरे हरियाणा के शहरो का नक्शा खराब कर दिया। मैंने पिछले सैशन में भी यह बात कही थी कि सरकार को एक कानून लाकर इसमें तरमीम करनी चाहिए कि जिन लोगो ने अन–अथोराइज्ड कालोनीज बनाकर गरीब लोगों को मकान बेचे या प्लॉट गरीब लोगों को बेच दिए उनसे वहां के डिवैल्पमैंट चार्जिज वसूल करने चाहिएं। आम आदमी गांव का जो शहर मे आकर मजदूरी करने के लिए और रोजगार के लिए बसना चाहता है, उसका ख्याल था कि शहर तो शहर है उसको बेचारे को यह भी नहीं पता था कि यह मकान या प्लाट म्यूनिसिपल लिमिट मे है, अथोराइज्ड है, अन–अथोराइज्ड है, क्या है 7 वह तो यह समझता था कि शहर में पक्की सड़के मिलेंगी, नाली होगी, रोशनी होगी, गलियों मे पानी की टूटियां लगेंगी, सब तरह की सुविधायें होगो लेकिन अगर आज जाकर देखे तो स्लम भी नहीं कह सकते हैं लोगो ने मकान फ्लड की वजह से 4–4, 5–5 फुट और 6–6 फुट ऊंचे बनाए हैं। इसलिए कालोनीज की गलियो मे पानी खड़ा रहता है न इनमें सडके हैं. न नालियां हैं, न पीने का पानी है न वहां बिजली है। कैथल में मैंने कोशिश की ऐसी कालोनीज जिनमें गरीब लोग और उजाड़े हुए हरिजन हरसोला से, कालेखां से और बहुत से दूसरे गांवों से आकर कैथल में बसे हैं क्योकि उन गरीब लोगों के पिछली सरकार ने गांवों से उजाड़ दिया, उनके मकान तोड़ दिए, उनके मवेशी और उनका सामान लूट लिया। गरीब आदमी वहां आकर बसे थे और बड़ी मुश्किल से इधर– उधर से पैसा उधार लेकर जमीन ली थी और मकान बनाए थे। आज अगर वे बिजली का कनैक्शन लेना चाहें तो बिजली का जो बोर्ड था या कंपनी थी उसने एक सर्कुलर भेजा है कि जो आदमी अन– अथोराइज्ड कालोनीज मे बिजली का

कनैक्शन लेना चाहेगा तो 100 गज का प्लॉट होगा तो 15 रुपये प्रति गज के हिसाब से उसको चार्जिज जमा करवाने पड़ेगे फिर बिजली की सिक्योरिटी के भी जो पैसे होगे वह जमा करवाने पड़ेगे। जो प्लाट 100 गज से ज्यादा एरिया का होगा। उसके 25 रुपये प्रति गज के हिसाब से चाजिंज जमा करवाने पड़ेगे। पिछले सैशन मे मैंने कहा था कि जो लोग गरीब लोगों को मकान या प्लाट बेचकर गए हैं वे आइडैटिफाई हो सकते हैं। वहां के शहर के उसी इलाके के पिछली सरकार के चपड मुकद्दम वर्कर, विधायक और मंत्रियों ने यह किया है उनसे इस रुपये को वसूल करने का कानून बनाना चाहिए और उन कालोनीज में तमाम सड़के बनाने का, बिजली लगाने का, पीने का पानी देने का उनसे रुपया वसूल करके सारे डिवैलपमैट चार्जिज गरीब लोगो को देने चाहिएं। म्यूनिसिपल कमेटीज के पास इतना रुपया नहीं हे और हरियाणा सरकार के पास भी इतना पैसा नहीं है कि तमाम अनअथोराइज्ड कालोनीज मे डिवैलपमैंट के लिए पैसा दे सके। मै आज भी सरकार से कहूंगा कि इस बात कौ सख्त जरूरत हैं क्योकि पूरे हरियाणा मे आज भी उन्हीं के लोग, एकाध कांग्रेस वाले को शामिल कर लेते हैं ताकि प्रोटेक्शन मिल जाए, इस तरह वे आज पूरे हरियाणा का सत्यानाश कर रहे हैं उनको तुरंत रोकने की जरूरत है और आज जो मैंने बात कही है, जो प्लाट या मकान बेचकर गए हैं वे उन से कालोनीज की डिवेलपमेंट से करवाएं। उनको पैसा देना पड़ेगा, और लाइसैंस लेना पड़ेगा। ऐसे अगर बेच देते हैं तो मैं तो कहता हूं कि कानून में तरमीम लाकर उनसे डिवैलपमैंट चार्जिज वसूल करने चाहिएं। अगर सरकार का यह ख्याल है कि उन लोगो को ट्रेस नहीं कर सकते तो एक दो शहरों मे तो जहां सरकार मेरी जिम्मेदारी लगाये, मैं ट्रैस करके दिखाऊंगा। उन लोगों ने जिन्होंने बेचा है आज भी उन्होंने महल

बना रखे हैं दुकान बना रखी हैं और बिल्डिंग बना रखी हैं और वहां के सारे लोगो को पता है कि वे लोग बेचकर गये हैं।

16.00 बजे

श्री धर्मवीर गाबा (गुडगांव): स्पीकर सर, माननीय सदस्य श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला जी ने जिन अन–अथोराइज्ड कालोनियों का जिक्र किया है। मैं उसके बारे में कहना चाहूंगा कि जो रेट हुड्डा ने 120 रुपये प्रति गज के हिसाब से मुकर्रर किया है अगर उन लोगो को बेसिक अमैनिटीज दे दी जाएं तो वे लोग इस रेट के हिसाब से पैसे देने के लिए तैयार है। सवाल यह है कि अगर इन कालोनियों को पास कर दे तो उन लोगों को बेसिक अमैनिटीज मिल जायेंगी। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से यह अनुरोध करूंगा कि उन अन–अथोराइजड कालोनियों को रेगुलर कर दिया जाए। मैंने यही कहना है आपने मुझे समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद। श्री नरेश यादव (अटेली) अध्यक्ष महोदय, गुड़गांव में जिस जमीन पर कैसीनो खोलने की योजना थी उस जमीन के बारे में जो प्रस्ताव पिछली सरकार लाई थी उसको रह करने का प्रस्ताव यह सरकार लाई है इसके लिए मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं। लेकिन पिछली सरकार द्वारा गुड़गांव में जिस जमीन पर कसावा बनाने के लिए जो जमीन एक्वायर की थी वहां पर एक एग्रीकल्चर रिसर्च सैन्टर काम कर रहा था और बहुत से साईटिस्ट्स वहां पर कार्यरत थे उस एग्रीकल्चर रिसर्च सैंटर को भी खोलने का काम यह सरकार करे क्योंकि जिस जमीन को कैसीनों खोलने के लिए पिछली सरकार ने ले लिया था उस प्रस्ताव को तो आप रह कर रहे है लेकिन जिस परपज के लिए वह जमीन थी उसी को ध्यान में रखते हुए वहां पर एग्रीकल्चर रिसर्च सैंटर बनाया जाये। इसके अलावा किसानो की

कान्ट्रैक्ट फार्मिंग की बात आई थी। उसके लिए बढ़िया वैज्ञानिक हमारे पास है। इसके अलावा बावल में एक एग्रीकल्चर रीजनल सेन्टर था जिसे यूनिवर्सिटी बनाया जाना था लेकिन पिछली सरकार ने उस एग्रीकल्चर रीजनल सैंटर को बन्द कर दिया वहां पर भी एक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाने को काम सरकार द्वारा किया जाये। पिछली सरकार द्वारा जिन लोगो को धुप हाउसिंग सोसाईटी बनाने के लिए लाईसैस दिए गये थे। उन लोगों द्वारा जिन गरीबों की जमीन को लिया गया है उन गरीबों को कोई सुविधाएं उनके द्वारा नहीं दी गई हैं। चौटाला की सरकार द्वारा जिन लोगों को यह काम दिया गया था मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बारे मे जांच करने के लिए 2 –4 एम०एल०एज० की एक कमेटी बना दी जाए तब हम सरकार को बतायेगे कि जो आदमी वहां टूटी हुई चप्पल और टूटे हुए स्कूटर पर आये थे उन आदमियों में से वहां पर किसने 300 करोड रुपये की प्रोपटी बना ली है और किसने 500 करोड़ रुपये की प्रोपटी बना ली है। वहां के लोगों को नोटिस दे दे कर और अपने ग्राहक भेजकर लोगों की जमीन को ले लिया।

श्री अध्यक्ष यादव साहब, आप बिल पर बोलिए।

श्री नरेश यादवः सरकार इस जमीन को अपने पास रखे लेकिन पिछली सरकार के समय मे जो जमीन ली गई उस मामले की इन्क्वायरी करवाई जाये।

Mr. Speaker: Yadav Sahib, please take your seat. आप बिल से रिलेटिड नहीं बोल रहे हैं।

श्री नरेश यादवः स्पीकर साहब, यह भी बात आई कि कुछ कांग्रेस पाटी के लोग भी इसमें शामिल हैं उनका नाम भी बताया जाये और इस मामले की इन्क्वायरी करवाई जाए कि कितनी जमीन किस के पास है?

क्या सरकार इस मामले की इन्क्वायरी करवायेगी?

Mr. Speaker: Yadav Sahib, thank, you very much. Please take your seat.

श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान (पाई): अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने के लिए समय दिया। हरियाणा डिवैल्पमैंट रैगुलेशन आफ अर्बन एरियाज अमैंडमैंट बिल सरकार का सराहनीय कदम है, इसके अन्दर जो तरमीम सरकार ने की है, वह बहुत जरूरी है। सरकार ने बहुत अच्छी बात की है। इसकी हम सराहना करते हैं और इसका अनुमोदन भी करते हैं लेकिन जैसा सुरजेवाला जी ने कहा कि प्रदेश के हर अर्बन एरियाज में डिवैल्पमैंट की बड़ी विशेष समस्या है, जो गांव के आदमी माइग्रेट होकर शहर में आते हैं चाहे वह टीचर हो, क्लर्क हो या छोटा मोटा किसान हो या जिस्के पास थोड़ा बहुत पैसा हो वह पहले प्लाट लेता है। Exactly, I do not want to repeat it but Sir वह प्लाट भी पैसे की कमी की वजह से ऐसी कालोनी में ढूंढता है जो अन–अथोराइज्ड होती है। प्रदेश के शहरों के चारों तरफ चाहे आप करनाल मे जाएं, कैथल मे जाएं तरकरीबन सभी शहरों की सड़कें खराब हैं कहीं पर बुलडोजर चल रहा हैं, वहीं कुछ और काम चल रहा है। विशेष क् र मेरी मुख्यमंत्री महोदय से दरखास्त हे कि between illegal colonies and HUDA ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए जिससे गांवो से आने वाले जो गरीब लोग हैं उनको कोई दिक्कत न हो जो 100 गज का, 200 गज का या 300 गज का प्लाट लेते हैं और वे मजबूरन अनअथोराइज्ड कालोनियो में लेते हैं, ऐसा नहीं है कि उनको पता नहीं है, उनको पता होता है कि वे अन–अथोराइज्ड जगह पर प्लाट ले रहे हैं। हम करनाल जाते हैं, पानीपत जाते हैं, कैथल जाते है या कुरुक्षेत्र

जाते हैं, उन शहरो मे जाते रहने की वजह से हम देखते है कि 4–4 फुट ऊंचे मकान बने हुए हैं और गलियां नीची हैं उनके अपने घरो का पानी ही उन गलियों मे जाता है और उसकी निकासी नहीं हो पाती है। फिर वे लोकली हम लोगो के ऊपर प्रैशर बनाते हैं और कहते हैं कि हमारी कालोनीज को अथोराइजड करवाओ, बिजली का कनैक्शन दिलाओ, पानी का कनैक्शन दिलाओ। ये सारी मुश्किलें हें, हुडा के प्लाट की कीमत एक आम गरीब आदमी और मिडल तथा लोअर क्लास का आदमी नहीं दे सकता। हुडा के बहुत से रूल्ज हैं। प्लाट लेने के बाद फिर कम्प्रोमाइज फीस देनी पड़ती है लेकिन गरीब आदमी के पास थोडा पैसा होता है। एक बार पहले वह प्लाट लेता है फिर दो तीन साल पैसा जमा करता है फिर छोटा सा मकान बनाता है, कई बार तो वह बाउंडरी या एक कमरा बना कर रहता हे। सरकार को लोगों को अर्बन एरियाज में आने का मौका देना चाहिए ताकि वे अपने बच्चो को देहात से अर्बन एरियाज मे लाकर पढ़ा सकें। इसलिए में कहना चाहता हूं कि between HUDA and illegal colonization का कोई न कोई समाधान निकालना चाहिए जिससे हम लोकल लोगों की परेशानियों का समाधान कर सके। पहले तो गरीब लोग इल्लीगल जगह मकान बना लेते हैं फिर उसको मान्यता प्राप्त कराने के लिए हर विधायक पर जोर डाला जाता है। कभी आप करनाल जाए या कैथल जाएं तो देखेगें कि चारों तरफ जो ग्रामीण इलाकों मे सड़कें बन रही हैं हमारा अर्बन डिवैल्पमैंट का विभाग है, उस विभाग को देखना चाहिए या तो उनको शुरु मे रोक दे, बनाकर फिर रोकते हैं, गरीब आदमी का घर तोड़ते हैं। करनाल मे अभी इल्लीगल कालोनियो में बेशुमार घर ओर कोठियां तोड़ी गई। पहले क्या उनकी आखें मिची हुई थी, उन अधिकारियो को कोई कुछ नहीं कहता। उपभोक्ता बेचारा

सफर करता है, पहले अधिकारी गलत काम करवाते हैं, फिर उन गलत कामों के ऐवज में पेसे लेते हैं। फिर सरकार का प्रैशर पड़ता है ऊपर से डी०सी० कहता है या कोई और कहता है तो घर तुड़वाने चले जाते हैं, लोअर क्लास के लोगों की इस समस्या का हल सरकार को सोचना चाहिए। सरकार को नो–प्रोफिट नो–लोस स्कीम पर जमीन एक्वायर करके छोटे–छोटे प्लाट लोगों को देने होगे तभी गांव के लोग सुख से, इज्जत से शहरो की तरफ रवानगी टाल सकते हैं।

Mr. Speaker: Question is -

That the Bill be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा स्पैशल इकोनोमिक जोन बिल, 2005

Mr. Speaker: Now, a Minister will introduce the Haryana Special Economic Zone Bill, 2005 and will also move the motion for its consideration.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to introduce the Haryana Special Economic Zone Bill, 2005.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Special Economic Zone Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Haryana Special Economic Zone Bill be taken into consideration at once.

श्री कर्ण सिंह दलाल (पलवल): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी और मंत्रिमंडल के सहयोगियो को हरियाणा स्पेशल इकनोमिक जोन बिल यहां सदन मे लाने के लिए मुबारकवाद देता हूं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस बिल के आने से हरियाणा के अंदर बहुत बड़ी

क्रांति आयेगी। सरकार की अच्छी नीतियों की ही वजह है कि जब से मुख्यमंत्री जी ने जो कार्यक्रम प्रदेश के लोगों के सामने रखे हैं उनके कारण ही आज प्रदेश में धरती की कीमतों में बहुत बड़ा ऊछाल आया है। पिछले वर्षों में प्रदेश के अंदर धरती की कीमतो मे इतना बड़ा उछाल कभी नहीं देखा। उस समय किसानो को उनकी जमीनो के बहुत कम दाम मिलते थे और वे इधर–उधर मारे–मारे फिरते रहते थे। लेकिन आज जमीनो की कीमतें आसमान को छू रही हैं और पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण जहां किसानो, गरीब मजदूरो का चेहरा मुरझाया हुआ था वह आज खिला हुआ है, वे खुश हैं। सरकार जो स्पेशल इकोनोमिक जोन बिल लेकर आई है उसमें मुख्यमंत्री जी ने सभी अच्छी बातो का प्रावधान किया है लेकिन कुछ बातों का जिक्र अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से यहां करना चाहूंगा कि जिन बड़ी अमैनिटीज को बिल के भाग एक में डिफाईन किया हे कि कौन–कौन सी अमैनिटीज डिफाईन करेंगे जैसे "amenities" means roads, water supply, street lighting, power supply, sewerage, drainge, public works, tourist spots, open spaces, parks landscaping and play fields and such other conveniences. अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार ने बड़े–बडे बिल्डर्स और प्रमोटर्स के साथ मिलकर गलत रिवायते प्रदेश के अंदर कायम करके ऐसी बडी–बड़ी बिल्डिंगें बना डाली जिनके बनने से संबंधित एरिया तरक्की करने की बजाय पीछे की तरफ जा रहे हैं। पिछली सरकार के समय में सभी नियमो को ताक पर रखकर लोगों की आखों मे धूल झोककर गुडगांव में रिहायशी इलाके मे ऐसे बडे–बड़े भवनों का निर्माण कर दिया जिनके बनने से वही पार्किंग की जगह भी नहीं बची तथा उन बिल्डिंगों के कारण कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, इस

बिल के आने के बाद हरियाणा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के उद्योगपति उद्योग लगाने के लिए आयेगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि सरकार की तरफ से निश्चित नियम जारी किए जायें कि स्पेशल इकोनोमिक जोन में जो बिल्डिंग बनेगी तो उसकी कन्दाट्रक्शन का कवर्ड एरिया कितना होगा, कवर्ड एरिया के अंदर पार्किग कितनी होगी और सड़कें कितनी चौड़ी होंगी। इसके अतिरिक्त वहा डिस्पैंसरी और स्कूल की भी सुविधाएं होनी चाहिएं। इसमें स्कूल का कोई जिक्र नहीं है। इसलिए मैं अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि स्पेशल इकोनोमिक जोन में जो भी बड़ी यूनिट लगे उसमे ये सभी सुविधाएं अवश्य हों। अध्यक्ष महोदय, आज चाईना दुनियां में सबसे ज्यादा ओद्योगिक प्रगति कर रहा है। मैं वहां गया नहीं हूं लेकिन इस बारे में अखबारो मे पढ़ा है। इसका कारण यह है कि चाईना मे जो भी बड़ा उद्योग लगता है उसमें काम करने वाले कर्मचारियो के साथ– साथ उनके परिवार के सदस्यों की सुविधाओ की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है यानि उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को स्कूल, डिस्पैंसरी आदि की पूरी सुविधाएं दी जाती हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्यमंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करता हू कि हमारें यहां जो स्पैशल इकनोमिक जोन बने उसमें इस तरह की सभी सुविधाएं होनी चाहिए। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हू कि इस बिल मे जो कमेटी बनाने का जिक्र किया है, मैंने इसको पढ़ा है। अध्यक्ष महोदय, आप भी इसको पढ़े। अध्यक्ष महोदय, इस कमेटी के जो मैंबर हैं वे ज्यादातर हमारे बडे–बड़े अधिकारी हैं। इस बारे मै मैं मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जो बड़े–बडे इन्वौयर्नमैंटलिस्ट्स हैं, जो पर्यावरण की रक्षा करना जानते हैं, जो पर्यावरण को संभालना जानते हैं

जिनका पर्यावरण के क्षेत्र में लम्बी अनुभव है उन लोगो को भी अधिकारिक तौर पर इस कमेटी में शामिल करना चाहिए ताकि जिस इलाके में स्पैशल इकोनोमिक जोन बनेगा, वहां के पर्यावरण पर किस प्रकार का असर पड़ेगा इस बारे में हमें जानकारी मिल सके। इस तरह के लोगो को कमेटी मे शामिल करने से यह भी फायदा होगा कि जो उद्योग लगेंगे उनसे अंडर ग्राउड वाटर पर और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर न पड़े इस बात का भी हमें पता चल जायेगा। इसलिए इन कमेटीज मे पर्यावरण से जुड़े हुए अच्छे लोगो को जोड़ने की व्यवस्था करनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, स्पैशल इकोनोमिक जोन में क्योकि एरिया डिफाईन नहीं किया गया है इसमें कोई दो राय नहीं कि माननीय मुख्य मन्त्री जी ने पूरे हरियाणा के लिए यह सारा कार्यक्रम बनाया है लेकिन मेरा सुझाव है कि क्योकि इतनी बड़ी रियायतें इन डिवैल्पर्ज को इस बिल के माध्यम से दी जाएगी उनको टैक्सिज मुआफ किए जाएंगे और यहां पर उनको काम करने के लिए इतने बड़े साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, वहां पर जितने भी इस तरह के डिवैल्पर्ज आएंगे उनके लिए यह व्यवस्था हो कि जो ऑलरेडी डिवैलप्ट इलाके हें जहां पर डिवैल्पमैंट अपने आप हो रही है वहा पर ज्यादा कंस्ट्रेट न हो लेकिन जो हमारे गांव है मिसाल के तौर पर रिवाड़ी, झज्जर, पलवल, पलवल से भी आगे होडल, हथीन और उधर से भिवानी तथा हरियाणा के और इलाके हैं जैसे अम्बाला और ऐसे ही दूसरे इलाके जिनको मुख्यमन्त्री जी ने पिछडे हुए इलाके घोषित किया हुआ है उनके ऊपर ज्यादा कंस्ट्रैट होना चाहिए। कहीं यह डिवैल्पर्ज जो हमारे अच्छे इलाके हैं उनमे आकर इस तरह के फायदे उठाएं और वहीं पर काम करें और जो हमारे गांव

के इलाके हैं जहां पर काम करने की जरूरत है वहां पर काम न करके कोई नुक्सान न करे इस बात की तरफ भी ध्यान रखना होगा।

Mr. Speaker: Wind up, please.

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, आपने जो कमिश्नर और दूसरी अथौरिटीज फिक्स की हैं मैं आपसे यही अनुरोध करता हूं कि आने वाले वक्त में हरियाणा प्रदेश को एक दिशा देने वाला जो यह बिल आया है अगर सरकार चाहे तो इसमें और विचार कर ले लेकिन इसके लिए जो रूल्ज बनेगे उनमें ऐसी व्यवस्था की जाए कि इस प्रदेश के अन्दर रहने वाले लोगो को इसका पूरा लाभ मिल सके। (विघ्न)

Mr. Speaker: Thank you very much.

Maj. Nirpender Singh Sangwan (Dadri): Speaker Sir, **I** would like to make two points in this regard. First is that all the buildings which will come up in the Special Economic Zone, should have water harvesting system otherwise, the Town & Country Planning will not fasten because of water problem. Second point is that the sons of soil who are well-qualified, they should have been given reservation in all the industries and who are unqualified, reservation is must for them in the industries which will come up in that zone.

श्री एस०एस० सुरजेवाला (कैथल): स्पीकर साहब, मैं बहुत ही ब्रीफली कहना चाहूंगा कि इस पर जब पहले चर्चा हुई थी तब भी मैंने मुख्य मन्त्री जी को हार्दिक मुबारिकबाद तथा बधाई दी थी और हरियाणा की सरकार की सराहना की थी। अध्यक्ष महोदय, पिछले पांच साढ़े पांच साल यहां पर एक? सरकार रही जो केवल बडी–बड़ी इण्डस्ट्रीज तो लगाती थी। केवल झूठ और लूटकी इण्डस्ट्री उस सरकार ने लगा रखी थी। इस सरकार के बनने के केवल तीन महीने के बाद ही यह सरकार बहुत बढ़िया स्कीम

लेकर आई है। पिछले साढ़े पांच साल तक जो सरकार रही वह यह नहीं चाहती थी कि लार्ज स्केल पर विस्तृत रुप से इण्डस्ट्री यहां पर आगे जाए। उस सरकार ने लोगों को तो क्या पढ़ाना था वह सरकार टिकट भी ऐसे लोगों को देती थी जो आठवीं फेल थे और आधे जो पढ़े–लिखे थे वे उनसे बहुत ज्यादा डरते थे तथा अपना सिर और गर्दन नीची करके वे लोग अपना वक्त काट गए। जो बाकी बचे वे पार्टी से निकाल दिए गए या पढ़े–लिखे लोगों को टिकट ही नहीं दिए गए। इसलिए उस सरकार का तरक्की का कोई सपना नहीं था। वे लोग केवल झूठ बेचते थे और जनता को लूटते थे। अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्य मन्त्री जी को मुबारिकवाद देता हूं। आप देखिए कि इनके जो सलाहकार लोग हैं जो अधिकारी, मंत्रिमंडल और दूसरे जो लोग हैं वे कितनी बढिया स्कीम लेकर आए हैं। इस स्कीम मे कोई दिक्कत नहीं है इससे पूरा हरियाणा आगे जाएगा बशर्ते इनको किसी स्पेसिफिक जगह पर कन्सट्रेन्ट न किया जाए। इस स्कीम को दिल्ली के आस–पास ही कन्सन्ट्रेट न किया जाए बल्कि इस स्कीम को दिल्ली के बाहर भी कन्सन्ट्रैट किया जाए इससे वहां पर बहुत ऐडवान्टेज है लेकिन इन्टीरियर में फार ऑफ ऐरियाज भी हैं अगर वे ऐरियाज बेकवर्ड हो जाएंगे तो स्टेट बहुत बैकवर्ड तथा इम्बैलैन्स हो जाएगी। तो उनकी तरफ भी ध्यान देना चाहिए, चाहे इसके लिए उनको और कंसैशंज ही क्यों न देने पड़े लेकिन उन इलाकों मे स्पोर्ंस्ड मोटीवेट करें। एस०ई०जैड० के कन्सैप्ट का जो आईडिया है वह बहुत ही नया और बहुत ही अच्छा है। अध्यक्ष महोदय, मैं कुछ बातों की तरफ जो हमारे साथियों ने बोलते हुए चर्चा की है, दोबारा से सरकार का और मुख्यमंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा। जब भी स्पोर्स्ट कहेगे कि यह जमीन उन्होंने स्वयं खरीद ली है या जो जमीन सरकार ने ऐक्वायर करनी है

तो यह बहुत इनीशियल स्टेज होगी लेकिन ये काम करने बहुत जरूरी हैं। उसके बाद तो प्रोसेसिंग होगी और उसके बाद वे फिर डिवैल्प करेंगे। जब भी एस०ई०जैड० की कोई फाईनल स्टेज पहुंचे तब स्पोंसर्ड की यह डयूटी होनी चाहिये और सरकार को ऐक्ट के और कायदे के धू यह इफोर्स भी करना चाहिए कि वह सबसे पहले यह बताएं कि जो गांव उजडेगे क्योकि एक या दो गांव तो उजड़ेंगे नहीं बल्कि कई गांव इसमें उजड़ सकते हैं तो वहां के लोग कहां जाएंगे? वहां के लोग कोई घास तो खोदेगे नहीं या वहां के लोग मिट्टी तो ढोएगे नहीं। इसलिए एस०ई०जैड० के साथ साथ वहां के गांवों के लोगों की तरक्की भी बहुत ज्यादा अनिवार्य है। इसके लिए सरकार एडवान्स प्लानिंग भी करेगी। उदाहरण के तौर पर जो वहां के बेरोजगार बच्चे हैं, वहां के जो बड़ी उस के लोग है, सीनियर सीटिजन्स हैं इन सबको एम्पलायबल लोग बनाने के लिए एडवान्स मे सबसे पहले उनको ट्रैनिंग देना जरूरी है। जिस किस्म की एस०ई०जैड० में इण्डस्ट्रीज लगेगी उसी किस्म के ट्रैनिंग के लिए इंस्टीव्यूशंज इमीडिएटली वहां पर सेटअप करने पड़ेंगे। इसी तरह से जब एस०ई०जैड० लगेगा तो वे लोग वहां पर गावो को नहीं रखेंगे और अगर रखेगे भी तो वे गांव स्लम की तरह ही हो जाएंगे। इसलिए एडवान्स मे उनके लिए मार्डन हाउसिज भी बनाने पडेंगे। उनके लिए उसी जगह पर प्रिफरैब्ली मकान बनाने पड़ेगे। वहां पर उनके लिए अच्छी यूनिट्स बनानी चाहिएं जिसमें पूरी फेसेलिटीज मोजूद हो। ये उसी स्थान पर या उसके आसपास गांवों के लोगों की मजी से बननी चाहिएं। अध्यक्ष महोदय, तीसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जो इंफ्रास्ट्रक्चर है वह भी वहां पर पूरा तैयार करना चाहिए। इसमें स्कूल हों, होस्पीटल हों और ट्रैनिंग सैंटर्ज भी हों। इसके अलावा– फार्मर्ज को एस०ई०जैड० के अंदर –अपने फार्म हाउस बनाने

के लिए एक स्पैसिफिकेशज के तहत दो एकड़, तीन एकड़ या पाच एकड़ की जमीन भी दी जानी चाहिए ताकि वे वेजीटेबल या होटीकल्चरल की खेती कर सकें, पोल्ट्री कर सके या डेयरी का व्यवसाय कर सके। इस तरह से जो स्पोंर्स्ड हैं इससे पहले कि वे गांवों के लोगों के खेतों पर ऐस्टेबलिश हो जाएं, इनके जिम्मे बहुत सी जिम्मेवारी होनी चाहिए कि यह यह इंफ्रास्ट्रक्चर वे तैयार करेगे। इसके अलावा एस०ई०जैड०के जो स्पोंर्स्ड हैं वे बाद मे उस जमीन के टुकड़ो को दुकाने बनाने के लिए या कर्मिशियल कम्पलैक्स बनाने के लिए या वैरीयस ऐक्टिविटीज के लिए जैसे इंडस्ट्रीज लगाने के लिए आगे किसी को बेच न सके तो उस पर भी निगाह रखनी पड़ेगी कि वह आगे जाकर प्रोपटी डीलर का काम न शुरू कर सके। जिसकी जमीन सरकार ने ऐक्यायर की है वह फिर दोबारा से वे लोग न बेच सके तो इन बातों पर भी नियंत्रण होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जो स्मॉल फार्मर्ज हैं या लैंड लैस लोग हैं उनके बच्चें को रोजगार देने के लिए, उनके अपने रोजगार देने के लिए, चाहे कमर्शियल शॉप्स हों या चाहे जो माल बनेंगे वह प्रिफरैब्ली उनको अलौट किए जाने चाहिएं, वह उनको बनाकर दिये जाने चाहिएं या फिर अगर कोई छोटी मोटी इंडस्ट्री लगाना चाहें तो उनमें इस तरह के लोगों की भी प्रिफरैन्स होनी चाहिए, इम्प्लायमैन्ट की गारन्टी भी उनके लोगो के लिए होनी चाहिए। लेकिन इससे पहले जैसा कि मैं पहले कह चुका हूं कि उनके लिए ट्रैनिंग इंस्टीच्यूट वहां सेटअप होने चाहिए ताकि वे काम करने के लिए कैपेबल हो। इस तरह से पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर स्पोंर्स्ट के जिम्मे होगा। जो स्पौसर हैं वह उनको तैयार करना चाहिए ताकि जो लोग जिनकी जमीनो के ऊपर एस०ई०जैड० बनेगा, वे यह कहें कि हमारी तो किस्मत खुल गई है और वे सरकार को आशीष दे और

समाज का एक बेहतरीन पार्ट बनें और कंट्रीब्यूट कर सके। किसानों का और खेत मजदूरों का हित सरकार को सर्वप्रिय है और इस ऐक्ट को पूरा करते हुए भी होगा, ऐसी मुझे पूर्ण आशा है।

श्री ए०सी० चौधरी (फरीदाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार को मुबारकबाद दूंगा कि हमारी सरकार हरियाणा प्रदेश की बिगड़ती हुई इंडस्ट्रियल हेल्थ को देखकर जो पिछली सरकार के कारनामों का नतीजा रही है यह बिल लेकर आई है। पिछली सरकार के गलत कारनामो की वजह से उद्योगपति प्रायः अपने उद्योग यहां से समेटने या बंद करने पर विवश हुए। आज हरियाणा उद्योग के तौर पर बहुत ऊंचा जा सकता था लेकिन उद्योगों के बंद होने से आज हरियाणा तबाही के कगार पर हे। सरकार बधाई की पात्र हे कि उसने इस कंसैप्ट को आगे लाकर यह अमैंडमैंट हमारे सामने रखा है। मेरा सरकार को सुझाव है कि ऐसे महत्वपूर्ण प्रपोजल्म/प्रारूप, ड्राफ्ट हमें टेबल पर सैशन वाले दिन मिलते हें इसलिए हमारा पूरा ध्यान उन पर नहीं जा सकता। कई अच्छे प्रपोजल्स यदि बिफोर टाईम दे दिये जाएं तो उससे हमें और भी फायदा मिल सकता है। सुरजेवाला साहब ने अपने कमैट् स में कहा कि दिल्ली के आसपास एस०ई०जैड० न हो। (विध्न) फरीदाबाद की खस्ता हालत को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि वे अपनी बात को अमैंड करेंगे और फरीदाबाद की बात को छोड़कर बाकी जगह की बात करेगे। आज मैं कुछ बातें सरकार की नॉलेज मे लाना चाहूंगा। गवर्नमैंट ने जितनी भी इसैंटिव स्कीम्स बनाईं जिनसे कि फौरेन इन्वैस्टमैंट को और बिग बिजनेस हाउसिज को अटरैक्ट करने का प्रावधान रहा, ताकि प्रदेश तरक्की करे। आम हालत में यह देखा गया कि उद्योगो के समूह ने या इंडीविजुअल उद्योगों ने जमीन ली और कुछ समय तक उद्योग चलाकर फिर बहुत बड़े प्रौफिट पर

उन जमीनो को बेचकर चले गए। सरकार की यह मंशा हो कि स्टेट को रेवेन्यू मिले और प्रदेश के अंदर लोगों की बेरोजगारी दूर करके उनको रोजगार मिल सके। वे उद्योगपति जौ पहल तो उद्योग चलाकर फायदा उठाते रहे और बाद में किसी और काम के लिए जमीन बेच दी। मैं चाहूंगा कि इस मामले में सरकार प्रतिबद्धता दिखाये कि जिनको भी एस०ई०जैड० की फैसिलिटीज मिलेगी उनके ऊपर यह प्रतिबंध भी लगाया जाए कि वे जमीनो को किसी और काम के लिए न बेच सकें। कारखाने कारखानों के तौर पर चलें न कि आगे चलकर वे शॉपिंग माल्स बन जाएं, जैसाकि आज चलन हो रहा है। इम्प्लायमैंट को इन्करेज करने के लिए साधन ढूंढने के लिए सरकार ने यह अच्छा काम किया है। मै एक बात से सरकार को आगाह करना चाहूंगा कि जब हमारा देश आजाद नहीं था उस समय विदेशों से आए माल पर हमारा देश आधारित था। आज हमारे अपने देश के भीतर ऐसी इडस्ट्रीज हैं जो विदेशी इम्पोर्टस रोककर देशी चीजे बना रही हैं। आज हमारे देश के अंदर तोप के गोले और बम के ट्राई पोट इंडिया में ही दस प्रतिशत कॉस्ट पर बन रहे हैं। मेरा कहना है कि जो इंडीजिनियस इण्डस्ट्री को इग्नोर करके उसके कपीटीटर्स को अपने यहां आकर हौंसला दिया, सहूलियते दी, वे कल चले या न चले लेकिन जो ओरिजिनली हमारे लोग यहां 20–20 साल से एस्टैब्लिशड हैं वे अगर छोड़ गए तो यह देश का बहुत बड़ा अहित होगा। इम्प्लायमैंट की लौंग टर्म फैसिलिटीज प्रि–रिक्वीजिट हो। जिस तरह से हमारे साथी ने एक शब्द में कह दिया sons of the soil यह सही है कि आज अगर हरियाणा के टोटल उद्योगो के मजदूरों की गिनती करें तो वे दस प्रतिशत हरियाणा के और 90 प्रतिशत बाहर के हैं। चाहे इस बात की परसैटेज न हो तो जिस पोस्ट की वैकेसिज हो उसके लिए यह जरूरी कर दे कि उस पोस्ट

को भरने के लिए लाजिमी तौर पर हरियाणा के किसी भी जिले का बच्चा उस पोस्ट के लिए क्वालीफाई करता हो उसको लगाया जाएगा। इस बात के लिए सारे हरियाणा में नोटिफाई कर दिया जाए ताकि कोई बाहर का आदमी इससे नाजायज फायदा न उठा सके। आज भी किसी भी काम के लिए कोई जमीन अलीट की जाती है तो उसमें यह जरूर कर दिया जाये कि कोई भी आदमी उस जमीन को लीज पर नहीं देगा, ऑनरशिप को ट्रांसफर नहीं करेगा, पार्टनरशिप की आड़ में किसी को नहीं बेचेगा। एलिनियेट करने के हर रास्ते को बन्द कर देना चाहिए। अगर इण्डीजिनियस इण्डस्ट्रीज यहां पर लगेंगी तो सरकार को टैक्स भी मिलेगा और मार्किट मे जो पढ़े लिखे बच्चे हैं उनको रोजगार भी मिल सकेगा। स्पीकर। सर, मैं हालात को देखकर यह कहने के लिए विवश हूं वरना मैं कोशिश करता हूं कि मैं बोलने –ते लिए कम ही समय लूं क्योकि फरीदाबाद की बदहाली का नमूना मेरे सामने हैं। मैं चाहूंगा कि अगर सरकार द्वारा कोई कमेटी बनाई जाती है तो उसमें इन्वायर्नमैंटलिस्ट, इण्डिस्ट्रलिस्ट तथा किसी एक्सपीरियस्ड आदमियो को उस कमेटी में शामिल करना चाहिए चाहे सरकार को इसके लिए प्राइवइट एजैंसियो को इन्वोल्व करना पड़े क्योकि वह कमेटी सरकार की आख और कान का काम करेगी। हर मामले में सरकार को आगाह करेगी और सरकार के आदेशों की अनुपालना करेगी।

श्री नरेश मलिक (हसनगढ): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। सैप्रेट हाईकोर्ट के बारे में रेजोल्युशन पर आपने मुझे बोलने का मौका नहीं दिया। माननीय मंत्री जी कहते हैं कि हम स्वस्थ परम्परा को कायम करेंगे। मेरे साथी कहते हैं कि चौटाला साहब की पाटी के सिर्फ 8 ही सदस्य है। फिर भी स्पीकर साहब या

तो इन्दौरा जी का नाम लेते हैं या फिर गौतम जी का। इतना बड़ा इश्यू था लेकिन उस पर बोलने के लिए मुझे आपने वंचित रखा यह बड़े खेद की बात है। (विघन)

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): स्पीकर सर, मैं पूरे सदन को यह सूचित करना चाहूंगा कि आपका बड़ा उदार हृदय और रवैया रहा है चाहे वह गौतम जी हो चाहे नरेश जी हो, चाहे इण्डिपैंडैंट सदस्य हों, चाहे बहुजन 'समाज पाटी के सदस्य हो, इनेलो पाटी के सदस्य हों, चाहे एन०सी०पी० के सदस्य हों और चाहे दूसरी पाटी के सदस्य हैं उनको पूरा मौका बोलने के लिए दिया गया है। ये माननीय सदस्य बिल पर बोल रहे हैं मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि उनको बोलने का पूरा मौका दिया जाये ताकि इनकी सारी शिकायतें दूर हो जाएं।

श्री नरेश मलिक: अध्यक्ष महोदय, एस०ई०जैड० के बारे में जो बिल सदन में रखा गया है मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं और सरकार को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि यह बिल प्रदेश की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। स्पीकर सर, आज भी अगर हम इण्डस्ट्रीज के बारे में देखें तो हरियाणा प्रदेश से ज्यादा हिमाचल और उत्तरांचल राज्यों में इण्डस्ट्रीज लग रही हैं जहां पर इतने दुर्गम रास्ते होने के बादजूद भी कच्चा माल ढोना बहुत महंगा पड़ता है। पिछले पांच साल में एक बहुत अच्छा माहौल था जब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की कई बड़ी– बड़ी इण्डस्ट्रीज को पोल्युशन फैलाने के कारण पलायन करने के आदेश दिए थे लेकिन हरियाणा की बदकिस्मती थी कि चौटाला साहब की सरकार ने इण्डस्ट्रीज को यहां आने की बजाए उनको यहा से भगाने का काम किया। स्पीकर सर, जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा कि एस०ई०जैड० छोटे

एरिया में तो बनेगा नहीं इसके लिए तो बहुत जमीन की आवश्यकता होगी इसलिए बहुत गांवो की जमीनें इसके लिए ऐक्वायर की जायेगी। स्पीकर सर, इण्डस्ट्रीज लगाने के लिए सबसे बड़ी समस्या वाटर ट्रीटमैंट प्लांट लगाने की होती है। इसलिए कई जगह मैने देखा है कि एस०ई०जैड० में अगर आप हर इण्डस्ट्री को कहें कि आप अपना वाटर ट्रीटमैंट प्लांट लगाओ। आप यह करो वह करो, फिर वही इन्सपैक्टरशाही राज रहेगा, अगर इस एस०ई०जैड० मे जब आप सारे सिस्टम डालेंगे, पाइप दबाएंगें, सीवरेज देंगे, चूंकि एक तरफ तो पानी की वैसे ही कमी है, दूसरे एस०ई०जोन में गवर्नमैंट का एक बहुत बड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट इसमे इन्क्लयूड हो जाए तो हर इंडस्ट्रियलिस्ट को बहुत सुविधा रहेगी। आज पानी की जो सबसे बड़ी समस्या है, जैसे वाटर हारवेस्टिंग की बात है। इससे बहुत बड़ी राहत इंडस्ट्रियलिस्ट्स के लिए होगी। गुड़गांव में मानेसर में भी पिछली सरकार ने एस०ई०जैड० की प्रोपजल शायद केन्द्र सरकार को भेजी थी, मेरे ख्याल से अभी तक उसको स्वीकृति नहीं मिली है, इसमें मेरा सरकार से यह अनुरोध है कि वाटर ट्रीटमैंट प्लांट सरकार की तरफ से इसमे जरूर शामिल होना चाहिए। उस दिन माननीय वित्त मंत्री चौ० बीरेन्द्र सिंह जी मेरे साथी हैं उन्होने बहुत बढ़िया बातें कही थी कि अपने हरियाणा के गायकगण पहले घढवे फोड़ते थे, ढोलक फोड़ते थे लेकिन अब ढोलक की बजाय गोली फोड़ने लग गए हैं क्योंकि काम रहा नहीं, हमारी संस्कृति रही नहीं। आदरणीय सुरजेवाला जी ने बड़े अच्छे विचार रखे मेरे और साथियों ने भी अपने विचार रखे जो कि हकीकत है। आज कोई गांव ऐसा नहीं हैं जहां के 10– 15 बच्चों के हाथों मे बन्दूक न हो और इस काम में पिछली सरकार का बहुत बड़ा हाथ रहा है। यह बात मैं खासकर रोहतक जिले के बारे मे कहना चाहूंगा और आज भी ऐसी स्थितियां है,

मुख्यमंत्री शायद अपने कैबिन मे सुनते हो, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि मेरे गांव सुनारिया में प्रशासन और सरकार के बीच कुछ कहा सुनी हुई, मैंने डिप्टी कमीशनर महोदय को कहा कि इस मसले को शांति से निपटाने दे मैं मुख्यमंत्री महोदय से स्वयं बात करूंगा, गांव वालों से बात करूंगा, इस मामले को राजनैतिक रंग न दें,। मैं मुख्यमंत्री महोदय जी से मिला उन्होंने कहा ठीक है इसको रफा दफा करेंगे, इसमें कोई खास बात नहीं हे। मैं गांव वालों से मिलकर ओर डी०सी० से मिला, मैं बाइ नेम कहूंगा कि मैं मिस्टर दन से मिला, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी बहुत शरीफ आदमी हें। चौटाला साहब जी ने इस डी०सी० को अपने साथ रखकर पांच साल तक डटकर शासन चलाया। आपके डी०सी० आज भी चौटाला कै गुण गा रहे हें। यह डी०सी० रोहतक की बात हे, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी बड़े शरीफ आदमी है, यह डी०सी० रोहतक की वर्डिंग हैं। मैंने उनसे यह अनुरोध किया कि जो शरीफ है आप उनको शरीफ रहने दें। चोटाला जैसा न बनाए वरना जो हालत आज चौटाला की है कल उनकी भी होगी। उनका तात्पर्य यह था कि चौटाला की तरह सरकार चलाएं, लट्ठ बरसाए, 360 आदमियों पर उन्होंने मुकद्दमें दर्ज कर दिए। मुख्यमंत्री जी गांव–गांव से वाकिफ हैं, सुनारिया गांव के कम से कम 500 आदमियो को ये बाय नेम जानते हैं, सबको बुलाकर बात कर सकते थे, ये कोई मैटर ही नहीं था, अधिकारी इस तरह का व्यवहार रखें तो ठीक नहीं है। मेरे एक एक गांव में माननीय मंत्री सुरजेवाला जी ने बहुत पैसे दिए, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, उन्होंने मुझे लिखकर पत्र भी भेजा कि आपके इन इन गांवों में ये ये स्कीमें भेजी जा रही हैं। इन स्कीमों को इम्पलीमैंट करवाने मे आप साथ दें और बहुत सी स्कीमें सरकार और लाने जा रही है। मैं मंत्री महोदय को कहना चाहूंगा कि अगर

लोकल कंसंर्ड एम०एल०ए० से बात कर ली जाए, जो वह सरकार का इन कामो में हाथ बटाएंगें, उनका साथ देगे। हमें इस बात का दुःख नहीं बल्कि खुशी है कि सरकार आज अच्छे काम कर रही है, आज मुख्यमंत्री महोदय जी जो काम कर रहे हैं, वित्त मंत्री जी जो काम कर रहे हैं और दूसरे मंत्री जो काम कर रहे हें, सबको पता है कि कांग्रेस की सरकार है ओर ये सारे काम कांग्रेस ही कर रही है। हम सरकार का हाथ बंटा सकते हैं, सरकार को अच्छे मशविरे दे सकते हैं। मैं अपने लिए कुछ नहीं कराना चाहता। (विघन) मैं ज्यादा समय न लेते हुए मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि मेरे हल्के सांपला मे पीने के पानी की बहुत समस्या है, इस समस्या का भी समाधान किया जाए। बहन करतार देवी जी बैठी हें। मैं उनके ध्यान में लाना चाहूंगा कि मैं अपने यहां होस्पिटल में गया था, मैंने पहले भी बताया था, मैं एक बार फिर रात को वहां गया था, सी०एच०सी० की हालत ऐसी है कि पी०डब्ल्यू०डी० ने 100 प्रतिशत उसको कंडम कर रखा है। मेरा मुख्यमंत्री महोदय से भी अनुरोध है डाक्टर्ज के रहने के लिए वहां कोई जगह नहीं है, डाक्टर रुके तो वहां कहा रुके। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि हमारे यहां की इस समस्या का समाधान किया जाए।

श्रीमती गीता भुक्कल (कलायत, एस०सी०) अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती दह। आज हमारी सरकार जो यह हरियाणा स्पैशल इकनोमिक जोन बिल लेकर आई है इसके लिए मैं अपनी सरकार का और माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूं और इस बिल का स्वागत करती हूं। अध्यक्ष महोदय, इस तरह का बिल एक बडी सोच रखने वाली सरकार और बड़ी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री ही ला सकते हैं। मैं समझती हूं कि पिछली सरकार ने जिस

तरह की हरकतें की वे इस सदन में और सदन के बाहर भी चर्चा का विषय रही हैं। पिछली सरकार की लूट की वजह से, काली करतूतों की वजह से बहुत सी इन्डस्ट्रीज हमारे यहां से चली गई हैं। जिसके कारण हरियाणा प्रदेश की इकनोमी पर और आम जनता की इकनोमी पर असर पड़ा है। आज हमारी सरकार जो यह स्पैशल इकनोमिक जोन बिल लेकर आई है इसके माध्यम से हरियाणा मे उद्योगो को वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर एज कंटेन टाऊनशिप प्रोवाइंड किया जायेगा और अधिक से अधिक यहा इनवैस्टमैंट्स होंगा। जिससे बहुत सी ऐसी समस्याओं का समाधान निकाला जायेगा जो सांप की तरह मुंह बाए खड़ी हैं। बेरोजगारी की समस्या ऐसी समस्या है जो काले सोप की तरह मुंह बाए हुए हैं। इस समस्या को दूर किया जाना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त ब्रेन ड्रेन की समस्या की तरफ भी हमें ध्यान देना होगा। हमारे जो इनटैलीजैट बच्चे हैं वे विदेशो मे काम करने के लिए चले जाते हैं। बेरोजगारी और ब्रेन ड्रेन की समस्याओ को ध्यान मे रखकर हमे अपने यहा ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार मिले और जो इनटैलीजैंट बच्चे हें वे यहां रहकर हमारी तरक्की में अपनी भागीदारी दें। हमारी सरकार जो यह स्पैशल इकनोमिक जोन बिल लेकर आई है इससे इन समस्याओ का समाधान अवश्य होगा। लेकिन इसके साथ–साथ मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगी जिसके बारे में यहां अभी चर्चा भी की गई है कि ऐसा न हो कि जो अमीर जिले हैं वे और अमीर हो जाये और जो पिछड़े हुए जिले हैं वे और पिछड जायें। इस बारे में मैं मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि इरा तरफ विशेष ध्यान दिया जाये। स्पेशल इकनोमिक जोन के तहत जो अन–डिवैल्पड क्षेत्र हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान दिया जाये ताकि वहां के युवको को भी रोजगार मिल सके। इस

बिल के माध्यम से जो इनवैस्टमैंट्स हरियाणा में होगी जिससे जो दायरे बढेगे उससे युवाओं को भी विशेष लाभ मिलेगा। इस बारे मे मैं कहना चाहूंगी कि पढ़ाई–लिखाई के क्षेत्र में हमारे प्रांत के जिन युवको ने तरक्की की है उनको ही परफोरमैस के हिसाब से हरियाणा के और जिले के युवको को स्पैशल इकनोमिक जोन में लगने वाले कारखानों में रोजगार दिया जाये ताकि हमारे यहां इस बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो जाये। धन्यवाद।

श्री राधे श्याम शर्मा अमर (नारनौल): स्पीकर सर, आपने मुझे हरियाणा स्पैशल इकनोमिक जोन बिल पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए में आपका धन्यवाद करता हूं। मैं आपके माध्यम से हरियाणा सरकार को बधाई देता हूं कि हरियाणा सरकार एक अच्छा बिल लेकर आई है। हमारे प्रांत के विकास के लिए इस बिल में काफी सुविधाएं इन्होंने दी है। पिछली सरकार के समय में कारखानों के दरवाजों के आगे खाई खोदी जाती थी लेकिन इन्होंने कहा है कि ये सड़क बनवायेंगे। इस बात के लिए भी मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ– साथ मैं सरकार को आपके माध्यम से एक सुझाव भी देना चाहूंगा कि स्पैशल इकनोमिक जोन के लिए गांवों की जो भी जमीन एक्वायर की जाये उस समय गांवों के साथ लगती थोडी बहुत जमीन छोड़ी जाये। पहले हुडा ने भी जमीन एक्वायर की है। उस समय गांव के घरो के साथ तक की जमीन एक्वायर कर ली गई। इसलिए मेरा सुझाव है कि गांव के आसपास की थोड़ी बहुत जमीन छोड़ी जाये ताकि अगली पीढ़ी को मकान बनाने के लिए वहां जमीन बच जाये ओर उन्हे अपना गांव छोड़कर कहीं पलायन न करना पड़े। मेरा यह सुझाव स्पैशल जोन के लिए है। दूसरी बात यह है कि सरकार ने किसान को जमीन की अच्छी कीमत दी है यह बहुत ही अच्छी बात है लेकिन

कॉलोनाईजर्ज की वजह से जमीनों की कीमतें आसमान छू रही हैं और ऐसे कॉलोनाईजर्ज को रोकने की आवश्यकता इस स्पैशल जोन के अन्दर भी है। अपार कोई जमींदार इनसे प्लॉट ले कर स्लीपिंग पार्टनर बनता है या रि–सेल करता है तो उसको रोकने का प्रावधान भी इसके अन्दर होना चाहिए। जो जमीन ली जाए उस पर उसके बाद कारखाना लगाए न कि उस जमीन को किसी दूसरे आदमी को बेचकर उस जमीन का व्यापार ही शुरू कर दे। दूसरी बात यह हे कि जो कमेटी हम बना रहे हैं उस कमेटी के अन्दर टैक्नीकल आदमी की बात कही गई है इसके साथ ही साथ इसमे व्यापार मण्डल का भी कोई प्रतिनिधि होना चाहिए ताकि मौके पर जो बात उठती है। वह व्यक्ति उसका जवाब दे सके। इसके साथ ही साथ एक–जनप्रतिनिधि भी सरकार की तरफ से होना चाहिए ताकि अगर कमेटी के अन्दर कहीं कोई धीगामस्ती होती है वह जन–प्रतिनिधि उस पर नजर रख सके उस पर वाच रख सके। मैं डस बारेमें आपको एक उदाहरण देना चाहूंगा। सरसों और बाजरे की फसल सरकार खरीदती है हमारे महेन्द्रगढ़ के किसानों के लिए सरकार काफी पैसा देती है लेकिन इसके बावजूद भी फसल खरीदने के लिए केवल दो ही आदमी होते है, एक इन्सपैक्टर होता है और एक उनका जिला अधिकारी होता है। मान लीजिए एक जिले के अन्दर एक हजार क्विंटल सरसों पैदा हुई तो पांच–पांच हजार क्विटल सरसों वहां पर खरीदी गई लेकिन इसके बावजूद भी सरकार पर यह आरोप लगता है कि सरकार ने पूरी सरसो नहीं खरीदी। इसलिए इस तरह की अराजकता है और उसको रोकने के लिए यह हो सकता है 'कि जन– प्रतिनिधि इस बात को देखे और वह सारी बात सरकार तक पहुंचाएं ताकि इस प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके। इसके साथ ही जो इक्नोमिक जोन बनाने जा रहे हैं

उसके बारे में एक सीमा के बारे मे सोचा जा रहा है वह शायद बिलासपुर से आगे नहीं बनता है। उद्योग मन्त्री जी से हमने पहले भी निवेदन किया था और अब भी निवेदन करते हैं कि इण्डस्ट्रीज लगाने के लिए 40 हजार एकड़ जमीन यहां पर खरदीने का प्रावधान किया जा रहा है। तो इसके साथ ही उस इण्डस्ट्री की सहायक इण्डस्ट्री लगाई जानी चाहिए। जी०टी० रोड नैशनल हाईवे नम्बर 8 महेन्द्रगढ़ से दिल्ली जा रहा है और हमारा इलाका इस रोड से केवल आठ किलोमीटर की दूरी पर हे। हमारे यहां पर जमीन मे मीठा पानी भी है। अब आप यह कहेंगे कि कुछ दिन पहले तो मैं वहां पर पानी की कमी बता रहा था लेकिन मेरा निवेदन यह है कि उस इलाके के बारे में कुछ सोचना होगा और महेन्द्रगढ़ जिले की जो टोपोग्राफी है उसको समझना होगा। वहां पर कई जगहों पर तो पानी ऊंचा है और कहीं पर पानी नीचा है इसके साथ ही साथ वहां पर मीठा पानी कहीं कहीं पर 1400 फुट गहरा है और कहीं पर पानी खारा भी है इसको डिवाईड करना पड़ेगा। जो जमीन अटेली के पास शेखो गढ़ाना से होते नांगल चोधरी सड़क के पास पडती है, यह सड़क मेरे गांव तक और राजस्थान बॉर्डर तक जा रही है यह सारी की सारी लाईन मीठे पानी की लाईन है। यहां पर पानी ज्यादा मात्रा में उपलब्ध है और ज्यादा निचाई पर नहीं है, पानी उंचाई पर ही है। सरकार यमुना नदी के पानी को वहां पर पहुंचा कर रिचार्जिग की जो स्कीम बना रही है अगर वह स्कीम कामयाब होती है तो उस इलाके के अन्दर इण्डस्ट्रीज लगाने के लिए मीठे पानी की कोई कमी नहीं है। इसलिए इस जोन को भी थोड़ा डिवैल्प किया जाए। सबसे पहले जोन के साथ–साथ एक सहायक स्पैशल जोन क्रिऐट करके उन लोगों को भी यह महसूस करवाया जाए कि इस जनकल्याणकारी सरकार के अन्दर जो वायदा हमारे माननीय मुख्य मन्त्री

चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने किया है इस इलाके के लोगों को भी इस जनकल्याणकारी सरकार होने का कुछ लाभ मिल सके। यह बात मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मन्त्री जी से और सदन के नेता माननीय मुख्य मन्त्री जी को कहना चाहता हूं जिससे सारे हरियाणा की जनता यह महसूस करे कि राज हमारा है और राज्य सरकार हमारा भी भला चाहती है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके माध्यम से फिर से इस बिल का समर्थन करता हूं तथा सरकार को इसके लिए बधाई देता हूं। धन्यवाद।

राव दान सिंह (महेन्द्रगढ): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का समय दिया। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को भी बधाई देना चाहता हूं जिनके विजनरी होने के प्रतीक के रूप में एक ऐतिहासिक एस०ई०जैड० बनाने का एम०ओ०यू० साईन किया गया। अध्यक्ष महोदय आज तक हरियाणा की पहचान मात्र कृषि से रही है और इसे कृषक प्रदेश के नाम से ही जाना जाता रहा है क्योंकि यहां के 75 प्रतिशत लोगों की आजीविका कृषि पर ही निर्भर करती है। आमतौर पर हरियाणा की ऐग्रीकल्चर के लिए यह कहा जाता हे कि there is no culture except agriculture in Haryana.लेकिन जब से चौ० भूपेन्द्र सिंह हुड्डा इस प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तब से उन्होंने इस प्रदेश का चहुमुखी विकास तेजी से करने के प्रयास किये हैं। आज इसी का परिणाम हम सबको देखने को मिल रहा है। हम उनको इस बात के लिए बधाई देते हैं। अध्यक्ष महोदय, एक समय था जब हरियाणा से उद्योग पलायन करने के लिए तत्पर रहते थे और सरकार की नीतियों के विरोध की वजह से ऐसा होता था। आज चारों तरफ से विनिवेश के प्रोपोजल हमारे पास आये हुए हैं। इसी संदर्भ में मैं तो यह कहना चाहता हूं कि जब वे लोग विनिवेश

के लिए यहां पर आते हैं तो सबसे पहली चीज वे इंफ्रास्ट्रक्चर देखते हैं। आज गुडगांव में जो तरक्की हो रही है उसके दो कारण रहे हैं एक तो being in close of proximity of Delhi और दूसरा कारण इंफ्रास्ट्रक्चर का डिवैल्पमैंट। मैं आपसे एक बात का निवेदन करना चाहता हूं कि मेरा क्षेत्र महेन्द्रगढ शुरू से ही उपेक्षित रहा है। हैडक्वार्टर महेन्द्रगढ़ ऐट नारनोल डिस्ट्रिक्ट यानी नाम के साथ भी एक तरह से भेदभाव रहा हे। साथ ही आज जब हम उद्योगों की बात करते हैं तो यह कहा जाता है कि आप तो पिछड़े क्षेत्र में रहते हैं। मैं कहता हूं कि जैसे अब एक स्वस्थ परम्परा हाउस के अंदर शुरू हो गयी है तो उस पिछड़े क्षेत्र को भी आगे लाने के लिए परम्पराएं शुरू की जानी चाहिएं। अध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव है कि हमारे क्षेत्र से लगता हुआ राजस्थान का नीमराणा एक क्षेत्र है जिसको राजस्थान सरकार ने औद्योगिक रूप से और नम्बर वन मार्डन सिटी ऑफ दि स्टेट बनाने के लिए अभी भी काम शुरू किया हुआ हे। हमारा क्षेत्र भी उसी के साथ लगता हुआ है। जब कनेक्टिविटी मिलती है इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा मिलता है तो गाड़ी में बैठकर कोई भी उद्योगपति बीस किलोमीटर फालतू चलने से गुरेज नहीं करता। अगर दो किलोमीटर रास्ता खराब है और बीस किलोमीटर का अच्छा रास्ता है तो वह बीस किलोमीटर को अडाप्ट करता है। इसलिए मेरा एक सुझाव है कि जो एन०एच० 8 हमारे यहां से जाता है उसका जो शाहजहांपुर बोर्ड जसीमपुरखेड़ा के साथ हमारा बोर्डर लगता है वहां से एक नया रोड देकर महेन्द्रगढ़ तक उस लाईन को लेकर हिसार और जयपुर को जोड़ने वाला जो रास्ता है, उससे मिलाया जाए ताकि फोरलेन के बाद में ओद्योगिक रूप से विकसित होने के लिए आपके पास नारनौल, महेन्द्रगढ़, अटेली, कनीना का बहुत बड़ा क्षेत्र होगा। इसको अगर साथ ही कोसली से

और झज्जर से होकर दिल्ली से जोड़ दिया जाए तो जैसे एक टूरिज्म केन्द्र एक गोल्डन ट्रांयग्ल के नाम से आगरा, दिल्ली और जयपुर जाना जाता है वैसे ही यह भी जाना जाएगा। अध्यक्ष महोदय, आज जो भी सैलानी हिन्दुस्तान के अंदर आता है वह इन तीनों जगहो को देखना अवश्य पसन्द करता है। मैं यह निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि जिस दिन इस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर आप वहां पर दे देंगे तो जो उसके बाद उद्योगपति आएगा उसकी सबसे पहली च्वायस इसी इलाके मे उद्योग लगाने की होगी। अगर ऐसा हो जाएगा तो हमारे लोगों की आजीविका भी बढेगी और इससे हमारे बेरोजगार लोगों की समस्या का भी समाधान होगा। आज जो हम खाली कृषि पर ही निर्भर करते हैं तो इससे हमारे चहुमुखी विकास मे भी हमारे उद्योगों का सराहनीय योगदान होगा। सर, यही मेरा एक सुझाव था।

Mr. Speaker: Now, the Hon'ble Minister will reply.

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): स्पीकर साहब, आज जो दि हरियाणा स्पैशल इकोनोमिक जोन बिल, 2005 हाउस में लाया गया है यह औद्योगिक क्रान्ति के एक नये युग की शुरूआत, एक नये युग का सुत्रपात हरियाणा प्रान्त में करेगा। माननीय सदस्य ए०सी० चौधरी ने और भारतीय जनता पार्टी के हमारे साथी भाई नरेश जी ने भी सही कहा था कि एक समय ऐसा भी था जब हरियाणा से उद्योग पलायन कर रहे थे। अध्यक्ष महोदय, पिछले 6 वर्षो में हमने एक ऐसी सरकार भी देखी जिसके तत्कालीन मुख्यमत्री को अगर उद्योगपति उनके निवास पर जाकर एक निश्चित राशि देकर नहीं आते थे तो उनके घरों के आगे, उनकी फैक्ट्रियों के आगे जे०सी०बी० मशीनों से गढ्ढे खुदवा दिए जाते थे। लेकिन अब एक नयी शुरुआत चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और अब हमारे माननीय उद्योग मंत्री जी ने

की है। उद्योग मंत्री ने इस बिल की रूपरेखा तैयार की हे। कई सदस्यों ने अपने–अपने सुझाव इस बिल पर दिए हैं। माननीय सदस्य कर्ण सिंह दलाल जी ने अमैनिटीज की चर्चा करते हुए यह शक जाहिर किया कि जब एस०ई०जैड० बनेगा तो किस प्रकार की अमैनिटिज वहां पर उस व्यक्ति के द्वारा जो एस०ई०जैड० बनाएगा, मुहैया करवायी जाएंगी। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान इस बिल की सैक्शन 8 (1) और 8(2) ए की तरफ आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि हम इरा बात के लिए सचेत हैं कि जो भी इकोनोमिक जोन आए तो वहा पर पूरी अमैनिटीज का प्रोविजन किया जाए। इस बिल की क्लॉज 3(1) में लिखा हुआ है

"Subject to the provisions of this Act, the Developer shall have the duty to secure planned development of the Special Economic Zone and provide for the establishment, construction, installation, operation, maintenance and management of the infrastructure and amenities in the Zone".

Speaker Sir, the word 'shall' is here. और अमेनिटीज क्या हैं, वह सारी डिफाइन की हुई हैं। माननीय सदस्य ने पढ़ा। स्पीकर सर, 8(2)–ए के अंदर जितने भी रूल्स एंड रैगुलेशंस हैं उनकी कंप्लायंस भी आवश्यक हैं मैं इस पर माननीय सदस्य और सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। In Clause 8(2), it is mentioned—

"(2) Without prejudice to the generality of the provisions contained in sub-section (1), the Developer shall exercise and perform the following powers and functions, namely:-

(a) to prepare the development plan of the Special Economic Zone in conformity with the rules framed under this Act or adhered to by the Developer under Sub-Section (3) or as may be adopted by the Govenment under sub-section (4) of Section 17 and to implement such

plan after obtaining the approval of the Approval Committee."

और सैक्शन 17(3) के अंदर यह रिक्वायरमैंट है कि जहां कहीं विशेष आर्थिक जोन कंट्रोल्ड एरियाज में एप्रुव्ड किया जाता है, पंजाब शिडयूलड रोड्स तथा कंट्रोल एरियाज में अनियमित विकास निर्बन्धन एक्ट, 1963 के अधीन बनाए गए भवन नियमो के उपबंधो का पालन करने के लिए विकासक को निर्देश कर सकती है। इस बात से माननीय सदस्य भी और माननीय सदन भी बिलकुल आश्वस्त रहे कि कोई ऐसा व्यक्ति जो पूरी अमेनिटीज, जो बिल मे हैं, नहीं देगा वह स्पैशल इकोनोमिक जोन नहीं बना सकेगा। माननीय सदस्य ने इन्वायर्नमैंट ईशंज की चर्चा की स्पीकर सर, मैं बताना चाहूंगा कि यह बिल भी केन्द्रीय बिल की तर्ज पर बनाया है। जो केन्द्रीय बिल है प्राइमरी एप्रूवल उसके अंदर एस०ई०जैड० की दी जाती है वह हम नहीं देते हैं, इन्वायर्नमैंट सैक्रेट्री एप्रूवल देते हुए सदस्य हैं। माननीय सदस्य यदि इस बारे मे 4ए ई देखे इसमें सैक्रेट्री इन्वायर्नमैंट को सदस्य बनाया है जहां तक एक्सपर्ट्स का सवाल है, एक्सपटर्स को हमेशा दोनों कमेटीज के द्वारा कंसल्ट किया जा सकता है लेकिन भारत सरकार मूलभूत एप्रूवल देती है। मेजर नृपेन्द्र सिंह सांगवान ने वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम की चर्चा की। उष्णके लिए अलग से एक कानून का मसौदा सरकार तैयार करने मे लगी हुई है इससे माननीय सदस्य की जो शिकायत है वह दूर हो जाएगी। स्पीकर सर, चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला ने बैकवर्ड एरियाज में इकोनोमिक जोन खोलने की बात की। स्पीकर सर, जैसाकि आपको भी मालूम है कि उसके लिए केन्द्र सरकार इनकी प्रिंसिपल अप्रूवल देती है। एक एप्रूवल केन्द्र सरकार ने मेवात के इलाके के लिए दी है। वह एप्रूवल एस०आर०एम० इन्फ्रास्ट्रस्चर प्राइवेट लिमिटेड को दी है। तकरीबन 500

करोड़ रुपये की राशि दक्षिणी हरियाणा के पिछड़े इलाके के अदर इसके माध्यम से आने की आशा है, प्रोवाइडेड हमारी जो कमेटीज हैं उसको एप्रूवल दें कि वह व्यक्ति जिसको इन प्रिंसिपल एप्रूवल मिली है वह सारी रिक्वायरमैंट को पूरा करे। माननीय सदस्य श्री ए०सी० चौधरी ने फरीदाबाद की तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए कहा, वे अब तो सदन में नहीं हैं। मैं बताना चाहूंगा कि भारत सरकार ने आई०टी०, एस०ई०जैड० की इन प्रिंसिपल एप्रूवल दे दी है। मेसर्ज हरियाणा टैक्नोलॉजी पार्क को, ऐसी आशा है कि अगर वे सारी शर्तों को पूरा करेंगे, हमारी कमेटीज से एप्रूवल ले लेंगे तो 1200 करोड़ रुपये का निवेश उसके माध्यम से अकेले फरीदाबाद जिले के लिए आएगा। श्री नरेश मलिक ने हिमाचल प्रदेश और उत्तरांचल प्रदेश की बात कही और खुद ही अपनी बात का जवाब दे दिया कि एक ऐसी सरकार थी जो सड़को और फैक्ट्रियों के आगे गढ्ढे खुदवा देती थी तो किस प्रकार से यहां उद्योग धंधे आते। हिमाचल और उत्तरांचल तो हिली स्टेट्स हैं उनको केन्द्र ने स्पैशल इकोनोमिक जोन पैकेज और कसैशन दिया है जो इस प्रप्त में तो नहीं हे। जहां तक आपने सीवरेज आदि की बात की है कि सरकार इनको मुहैया करवाए। मैं माननीय सदस्य और सदन को बताना चाहूंगा कि सड़कों, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सीवरेज की पूरी जिम्मेदारी उस व्यक्ति की होगी जो एस०ई०जेड० बनाएगा, तभी उसको एस०ई०जेड० की अनुमति दी जाएगी, उसके बगैर अनुमति नहीं दी जाएगी। पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर क्रिएट होगा। इस बात के लिए माननीय सदस्य बिलकुल आश्वस्त रहें। कई सुझाव माननीय सदस्या गीता भुक्कल, माननीय सदस्य श्री राधेश्याम शर्मा और राव दान सिंह ने दिए, वह हमने नोट किए हैं और उन पर हम अवश्य गौर करेंगे। स्पीकर साहब, आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि निर्यात के युग के अंदर हरियाणा

का एक विशेष योगदान रहेगा। हिन्दुस्तान से जो निर्यात होगा वह स्पैशल इकोनोमिक जोन बिल, 2005 के माध्यम से होगा। आज तक दस एप्रूवल इन प्रिंसिपल मिली हैं जिनमें से एक हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल डिवैलपमैट कार्पोरेशन को मिली है और 9 अन्य हैं जो हमारे पास आई हैं और वे विचाराधीन हैं, उनको प्रोसेस करेंगे और जहां तक रोजगार के सृजन की बात है जो कि मुख्यमंत्री और सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की प्राथमिकता है हरियाणा में निवेश को लेकर आना। ये दोनों स्वप्न सरकार के ओर मुख्यमंत्री जी के ओर कांग्रेस पार्टी के हम साकार करेगे और जिन इलाकों के अन्दर एस०ई०जैड० लगेगा उसमें हमारा यह प्रयास रहेगा। मैं वायदा तो नहीं करता लेकिन हमारा प्रयास रहेगा कि वहां पर ज्यादा से ज्यादा स्थानीय व्यक्तियों को उनके अन्दर रोजगार के माध्यम से मौका दिया जाए ताकि पूरे हरियाणा प्रान्त के लोगों को सामूहिक प्रगति का अवसर मिलेगा। इसके साथ ने आपसे और आपके माध्यम से पूरे सदन से यह अनुरोध करूंगा कि इस बिल को पारित कर दिया जाये।

17.00 बजे

श्री एस०एस० सुरजेवालाः स्पीकर सर, मेरी एक आपत्ति है कि मैंने बोलते हुए जो यह कहा था इण्डस्ट्रीज बैकवर्ड एरिया में लगनी चाहिए वह एक वाईटल इश्यू था। वह यह था कि जो किसान, खेत मजदूर गरीब ओर छोटे किसान लोग हे उनके लिए क्या–क्या प्रावधान होगा। उनकी रिहायश के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए, उनके बच्चों को एख्सायेबल बनाने के लिए, उनको वहां रहने के लिए, उनको वहां रखने के लिए उनका पूरा डिवैल्पमेट करना चाहिए और उनको जिन्दगी का पार्ट बनाना चाहिए ताकि वे

एक अच्छे नागरिक बन सकें। नहीं तो वे अपराधी बनेंगे उसके बारे में मन्त्री जी ने कोई रिसपाँस नहीं दिया।

Mr. Speaker: Question is—

That the Haryana Special Economic Zone Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the House will consider the Bill clause by clause.

Sub-Clause 2 of Clause 1

Mr. Speaker: Question is—

That Sub--Clause 2 of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause 3 of Clause 1

Mr. Speaker: Question is—

That Sub-Clause 3 of the Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 2 to 19

Mr. Speaker: Question is—

That Clauses 2 to 19 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause 1 of Clause 1

Mr. Speaker: Question is—

That Sub-Clause 1 of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, a Minister will move that the Bill be passed.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to move—

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Bill be passed.

श्री एस०एस० सुरजेवालाः स्पीकर सर, मेरी इन बातों का जवाब नहीं दिया उसके लिए जनता में एक मैसेज जायेगा कि सरकार इसको करना ही नहीं चाहती। इसलिए मेरी रिक्वैस्ट है कि इस बारे में बताया जाये।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः स्पीकर सर, हरियाणा के मुख्यमंत्री और हरियाणा सरकार ने एक क्रान्तिकारी नीति भूमि अधिग्रहण की बनाई थी। यह सही बात है कि पिछले छः वषी में 20000/— 10000/— और 40000/— रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदकर भूमि का अधिग्रहण किया गया। स्पीकर सर, चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार का गठन होते ही पहला कदम यह था कि जो भूमि अधिग्रहण की नीति पिछली सरकार ने बनाई है उसको बदलने का काम किया था। स्पीकर सर, इस नीति की चर्चा सदन में माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री मण्डल के सदस्यों द्वारा कई बार की जा चुकी है और हमने आश्वस्त किया है कि दिल्ली और चण्डीगढ़ की पैरीफेरी की जो जमीन एक्वायर की गई है उन किसानो को 17 — 13 लाख रुपये प्रति एकड के हिसाब से मुआवजा मिलेगा और जो आम जमीन है उसका मुआवजा भी 5 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से फिक्स किया

गया है लेकिन सोलोशिएम और अतिरिक्त ब्याज को लगाकर उस जमीन का भी 7 –8 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा मिल जायेगा। स्पीकर सर, मैं दावे के साथ और बड़ी जिम्मेवारी के साथ कहता हूं कि जो हमारे पड़ोसी प्रान्तो के अन्दर सारे प्रान्त मे दिल्ली की जमीन के बराबर मुआवजा देने का साहस चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की सरकार ने दिखाया है और इससे 600 करोड रुपया एक्सप्रेस हाईवे के कम्पैंसेशन का भी बढ़ा है हमने वह कड़वी गोली भी खाई है इसलिए कि हरियाणा के किसानो की जमीन एक्वायर की गई है और उन किसानो को उनकी जमीन का पूरा मुआवजा मिला है। जब भी किसी भी प्रान्त की तरक्की होगी, भाखड़ा बांध पंडित जी ने बनवाया था, आप सभी उसमें विटनेस थे, सुरजेवाला जी भी विटनैस थे। बहुत सारे लोगों को अपनी जमीन से मरहूम होना पड़ा था। अध्यक्ष महोदय, स्पैशल इक्नोमिक जोन का बहुत बडा प्रोजैक्ट है जिसमें शायद काफी भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। बाकी जो प्रोजैक्ट्स हमारे पास हैं, एक तो एच०एस०आई०डी०सी० का है जो तकरीबन 3000 एकड़ का है, रिलांयस से अभी हमारी चर्चा चल रही है, मैमोरैण्डम आफ अडरस्टैण्डिंग हुआ है वह कितने हजार एकड़ मे बनेगा यह निश्चित होना अभी बाकी है, बाकी सब प्रोजैक्ट केवल सैकड़ों एकड़ भूमि के अंदर हैं। अध्यक्ष महोदय, किसानो को उचित मुआवजा देंगे। यह भी कोशिश करेंगे कि स्थानीय लोगो को इसमें समायोजित करने का प्रयास करे और मैं माननीय सदस्य को और पूरे सदन को आश्वासन देता हूं उनको पूरा मुआवजा दिया जाएगा।

Mr. Speaker: Question is—

That the Bill be passed.

The motion was carried

दि हरियाणा म्यूनिसिपल (सैकिण्ड अमैंडमैंट) बिल, 2005

Mr. Speaker: Now, a Minister will introduce the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill, 2005 and will also move the motion for its consideration.

Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala): Sir, I beg to introduce the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill, 2005.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved—

That the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

चौ० धर्मपाल सिंह मलिक (गोहाना): अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय जो हरियाणा म्यूनिसिपल (सैकेंड अमेंडमेंट) बिल लेकर आए हैं मैं उसका समर्थन करता हूं। मैं इस बारे में दो तीन बातें कहना चाहता हूं। इस प्रकार का संशोधन ग्रामीण पंचायत ऐक्ट में भी वाजिब है क्योंकि दूरसंचार विभाग मे जो क्राति आई है, इस सिस्टम के अन्दर मोबाइल फोन आए हैं, लैंड लाइन फोन आए हैं, टैलीविजन के चौनल्स आए हैं, इन सबकी जरूरत देहात में भी यूं ही है। आज सारे प्रदेश मे हालत यह है कि हर शहर में कुछ लोगों ने चौनल्स चलाने के लिए अपने गैंग बना रखे हैं और उनका आपस में भारी झगड़ा होता है और वे लाखो रुपये कमाते हैं, शहरों की हालत बहुत बुरी है लेकिन व्यक्ति विशेष की जेबे गरम हो रही हैं। कोई भी हरियाणा का शहर ऐसा नहीं जिसकी हालत आज ठीक हो क्योकि शहरों को पिछले 5 सालों में बुरी तरह नैगलैक्ट किया गया है। मैं सरकार को, मुख्यमंत्री महोदय को और सार' मंत्रियो को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने

शहरो की दशा सुधारने के लिए यह मामला टेक अप किया। मंत्री जी मेरे सामने बैठे हैं मैं इनको कहना चाहूंगा कि शहरों मे हाउस टैक्स खत्म कर दिया जाए क्योकि उससे गरीब आदमी बहुत तंग हे उसके ऐवज मे जो इस किस्म के सिस्टम हैं, जो चौनल्स हम स्थापित करना चाहते हैं उनपर टैक्स लगा दिया जाए। जो अमैडमैंट की जरूरत पड़ी हालांकि 2001 में टावर लगाने के लिए नीति बनाई गई थी, पिछली सरकार ने 4 साल बरबाद कर दिए, सरकार ने इस बात पर सोचने की जहमत नहीं उठाई कि तुमने नीति तो बना दी है लेकिन इसको इम्पलीमेंट कैसे करोगे उसके लिए बॉय लाज नहीं बनाए। हमारी सरकार के मंत्री जी बैठे हैं, बड़े समझदार हैं, इन्होंने यह सोचकर कि इसको इम्पलीमैंट कैसे करे इसके लिए बॉय लाज बनाने के अधिकार दिए और एल०आर० से इस बारे में सुझाव मांगे। एल०आर० ने जब सुझाव दिए कि आप ये काम नहीं कर सकते, इस नीति को इम्पलीमैंट नही कर सकते तब जाकर इस अमैंडमैंट की बात आई। इसलिए मेरा सरकार को सुझाव है कि गैंगस्टर्ज को खत्म किया जाए और नगर पालिकाओं की इन्कम को बढ़ाया जाए ताकि शहरो के अन्दर जो मूलभूत सुविधाए हें वे ज्यादा से ज्यादा दी जाएं। अब मैं गोहाना शहर की बात करना चाहता हूं मैं सुबह प्रश्न काल में 'मी कहना चाहता था लेकिन प्रश्न काल खत्म हो गया, विपक्ष के भाइयों की मेहरबानी हुई कि उन्होंने हाउस चलने नहीं दिया। में सिर्फ गोहाना की बात नहीं करता, मैं सभी शहरो की बात करना चाहता हूं, गोहाना से चारों तरफ सड़कें जाती हैं और गोहाना असलियत में हरियाणा स्टेट का सैंटर है अगर जरीब रखकर नाप लें तो हरियाणा का बीच या तो गोहाना है या किलोई है और कोई नहीं है। इसलिए मेरी प्रार्थना हे कि गोहाना से एक सड़क जींद की तरफ जाती हे, एक सड़क जुलाना की तरफ जाती है१ एक

